केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 अभिनेत्री आकांक्षा चमोला दोबारा नहीं करेंगी...



पीएम मोदी के दौरे से बदलेगा ट्रैफिक ... 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 130, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### वनप्लस भारत समेत कई अन्य देशों में कर सकती है कारोबार बंद

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्मार्टफोन कंपनी वनप्लस को लेकर एक बार फिर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी आने वाले समय में कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजारों से अपना कारोबार बंद कर सकती है। बताया जा रहा है कि यह कदम उसकी मूल कंपनी ओप्पो की वैश्विक पुनर्गठन योजना का हिस्सा हो सकता है। हालांकि, कंपनी की ओर से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा या पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक,




वनप्लस सबसे पहले अमेरिका और यूरोप के बाजारों से अपना कारोबार समेट सकती है। इसके बाद दूसरे देशों में भी इसी तरह के कदम उठाए जा सकते हैं। भारत में वर्ष 2027 के दौरान कंपनी के कारोबार पर असर पड़ सकता है। फिलहाल इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में ग्राहक आधिकारिक जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। ओप्पो अपने स्मार्टफोन कारोबार में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है।

### कुम्हारी में दर्दनाक सड़क हादसाः खड़े ट्रैक्टर से स्कूटी टकराई, चार की मौत, 8 वर्षीय बालक गंभीर

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दुःखद सड़क दुर्घटना घटित हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अमृत निर्मलकर (28 वर्ष) स्कूटी चला रही थीं। उनके साथ कुल पाँच लोग बसंत विहार, रायपुर स्थित अपने मामा के घर जाने के लिए निकले थे। रास्ते में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े क्रमांक सीजी 07 एनए 0930 ट्रैक्टर, जिसमें ऑक्सीजन सिलेंडर लोड थे, के पीछे स्कूटी टकरा गई। दुर्घटना में चार व्यक्तियों की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई।

# आजम की जौहर यूनिवर्सिटी पर आ गया अखिलेश का रिएक्शन, 38 इमारतों को लेकर बोले- उनकी कब गिराओगे?

**प्राधिकरण का कहना है कि इन इमारतों का निर्माण बिना नक्शा पास कराए यानी अवैध तरीके से किया गया था**

**रामपुर।** रामपुर की जौहर यूनिवर्सिटी पर योगी सरकार का बुलडोजर एक्शन शुरू होने वाला है, जिसे लेकर अब उत्तर प्रदेश की सियासत पूरी तरह गर्मा गई है. समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा शिक्षा को भी सांप्रदायिक चश्मे से देख रही है. उन्होंने जेल में बंद सपा नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के खिलाफ हो रही इस कार्रवाई




को बेहद 'निंदनीय' बताया है।

**क्यों गिराई जा रही हैं यूनिवर्सिटी की 38 इमारतें?**

पूरा विवाद तब गहराया जब रामपुर विकास प्राधिकरण (RDA) ने यूनिवर्सिटी परिसर की 38 इमारतों को ढहाने का आदेश जारी कर दिया. प्राधिकरण का कहना है कि इन इमारतों का निर्माण बिना नक्शा पास कराए यानी अवैध तरीके से किया गया था।

# 'हर जिंदगी अनमोल है, सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर दिल्ली हाईकोर्ट गंभीर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी नियमित

**नियमित मेडिकल जांच के दिए निर्देश**

मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए हैं। वांगचुक पिछले 19 दिनों से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि इस मामले में पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और उनकी नियमित मेडिकल जांच की जा रही है। अदालत ने सुनवाई के दौरान पूछा कि क्या वांगचुक की सेहत की निगरानी के लिए कोई तय व्यवस्था है। इस पर केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि सरकारी डॉक्टर प्रतिदिन उनकी स्वास्थ्य जांच करते हैं और उन्हें तथा उनके साथ मौजूद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी जाती है। सरकार ने यह भी कहा कि जब भी वांगचुक ने अनुमति दी, सरकारी डॉक्टरों के साथ-साथ निजी डॉक्टरों ने भी उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक की नियमित जांच सरकारी डॉक्टरों द्वारा की जाए और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर यदि किसी तरह की चिकित्सीय आवश्यकता हो तो तत्काल उचित कदम उठाए जाएं। अदालत ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का जीवन अनमोल है और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को भरोसा दिलाया कि डॉक्टरों की सलाह के अनुसार जो भी चिकित्सीय सहायता आवश्यक होगी, वह उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति पर विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से लगातार नजर बनाए रखेगी।

# राहुल गांधी पर अभिजीत दीपके का पुराना पोस्ट चर्चा में, भारत जोड़ो यात्रा पर किया था तंज




**दरअसल, 8 सितंबर 2022 को अभिजीत दीपके ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स (ट्विटर) पर एक पत्रकार के ट्वीट का जवाब देते हुए राहुल गांधी की इस यात्रा की आलोचना की थी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** साल 2022 में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकली 'भारत जोड़ो यात्रा' एक बार फिर देश के सियासी और सोशल मीडिया गलियारों में अचानक सुर्खियों में आ गई है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई इस व्यापक यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों में जनसंपर्क बढ़ाना और राजनीतिक संवाद को जमीनी स्तर पर मजबूत करना था। कई सालों बाद इस यात्रा के दोबारा चर्चा में आने की मुख्य वजह कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके का करीब चार साल पुराना एक सोशल मीडिया पोस्ट है, जिसमें उन्होंने इस पूरी मुहिम पर तंज कसा था। दरअसल, 8 सितंबर 2022 को अभिजीत दीपके ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स (ट्विटर) पर एक पत्रकार के ट्वीट का जवाब देते हुए राहुल गांधी की इस यात्रा की आलोचना की थी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आखिरकार एक साधारण ट्रैवल व्लॉग से ज्यादा कुछ नहीं बन पाएगी। हाल के दिनों में उनका यह पुराना बयान इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। क्योंकि कभी राहुल गांधी की मुहिम का मजाक उड़ाने वाले दीपके आज खुद घिर गए हैं। उन्होंने हाल ही में राहुल गांधी समेत विपक्ष के कई बड़े नेताओं को दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे अपने प्रदर्शन में शामिल होने और समर्थन देने की गुहार लगाई है। इस बड़े विरोधाभास ने सोशल मीडिया पर एक नई राजनीतिक बहस छेड़ दी है। अभिजीत दीपके की पुरानी टिप्पणी जैसे ही दोबारा सतह पर आई, सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया और इंटरनेट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने तंज कसते हुए लिखा कि एसी कमरों में बैठकर किसी के जमीनी संघर्ष की आलोचना करना बहुत आसान होता है, लेकिन जब खुद पर बात आती है तो नजरिया बदल जाता है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# सपा के पीडीए सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का सम्मान, संगठन मजबूती पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, बुलंदशहर में गुरुवार को विधानसभा शिकारपुर के पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) समाज के कार्यकताओं और पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवमनोनीत पदाधिकारियों का पार्टी का पटका पहनाकर एवं पुष्पमाला से स्वागत कर सम्मानित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा शुरू किया गया पीडीए अभियान सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा का अभियान है। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं को एकजुट कर उनके अधिकारों की रक्षा करना समाजवादी पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने कहा कि प्रदेश और देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था की समस्याओं तथा किसानों और युवाओं की परेशानियों से जूझ रही है। इन जनसमस्याओं के समाधान के लिए समाजवादी पार्टी लगातार संघर्ष कर रही है।

सम्मेलन में सुरेश चंद्र बघेल, गिरिराज सिंह प्रजापति, कौशल यादव, रामकुमार यादव, अफताब, मनु प्रताप सिंह, जुनैद पोसवाल, शाहनवाज चौहान, मुकेश, रोहित जाटव, पप्पू सैफी, देवेश सूर्यवंशी, अमित त्यागी, धर्मवीर सिंह मीणा, पप्पू उर्फ वीरपाल, महताब, रिफाकत, वेदप्रकाश पाल, मुकेश लोढ़ी, फिरोज कुरैशी, रिजवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय के सामने जलभराव से परेशान बच्चे, 5 साल बाद भी सड़क निर्माण अधूरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अनूपशहर।** विकास खंड अगौता के गांव सेमली में प्राथमिक विद्यालय के सामने लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को रोजाना पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की दो बार सचिव द्वारा नाप-तौल कराई जा चुकी है और हर बार जल्द निर्माण का आश्वासन दिया गया। लेकिन पिछले पांच वर्षों से केवल वादे ही सुनने को मिल रहे हैं। अब तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा और ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए प्राथमिक विद्यालय के सामने सड़क का निर्माण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव बगठारी में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अहमदगढ़ पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी।


मृतक का फाइल फोटो

मृतका की पहचान 25 वर्षीय सुषमा देवी, पत्नी निखिल के रूप में हुई है। घटना 15 जुलाई 2026 की रात करीब 1 बजे सामने आई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता नरेंद्र सिंह, निवासी गांव मंडनपुर (थाना अकराबाद, जनपद अलीगढ़), ने आरोप लगाया कि सुषमा की शादी करीब तीन वर्ष पहले निखिल से हुई थी। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उनकी बेटी का उत्पीड़न करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि सुषमा के साथ आए दिन मारपीट और गाली-गलौज की जाती थी तथा कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाने पहुंचे और निष्पक्ष जांच की मांग की।

थाना प्रभारी निरीक्षक विशंभर दयाल गंगवार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नोटः दहेज हत्या के आरोप मृतका के परिजनों द्वारा लगाए गए हैं। मामले की जांच जारी है और अंतिम निष्कर्ष पुलिस जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा।

# निमाणार्धीन मकान का ताला तोड़कर चोरी, वायरिंग का सामान व मशीनें चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद।** निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर चोरी, वायरिंग का सामान व मशीनें ले गए चोर, जल्दी में इसी गांव में हुई थी चोरी की अन्य वारदात। सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, तहरीर के आधार पर जांच शुरू, शीघ्र गिरफ्तारी का दावा। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने एक निमार्णाधीन मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये कीमत का वायरिंग का सामान और मिस्त्री की मशीनें चोरी कर लीं, पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



गांव सांखनी निवासी दिलीप सक्सेना, जो आहार बाईपास पर किराना की दुकान चलाते हैं, मोहल्ला मैमरान में अपना नया मकान बनवा रहे हैं। मंगलवार रात चोरों ने निमार्णाधीन मकान को निशाना बनाया, ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर वहां रखा वायरिंग के तार के चार बंडल, मिस्त्री के तार कटर, ग्राइंडर मशीन तथा अन्य निर्माण सामग्री चोरी कर ले गए, इससे पूर्व में भी इसी गांव में चोरी की वारदात सामने आई थी। बुधवार सुबह जब दिलीप सक्सेना मकान पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई, इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना देने के साथ कोतवाली में तहरीर दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस उपनिरीक्षक अनुज गंगवार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

# बुलन्दशहर की दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी ई-ट्राईसाइकिल, 65 हजार रुपये तक की सहायता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-ट्राईसाइकिल योजना प्रारंभ की है। योजना के तहत जनपद की 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की अध्ययनरत दिव्यांग छात्राओं को शैक्षिक पुनर्वास एवं सुगम आवागमन के लिए ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। प्रति लाभार्थी अधिकतम 65 हजार रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि योजना का लाभ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, स्ट्रोक, सेरेब्रल पाल्सी, हीमोफीलिया आदि से प्रभावित उन छात्राओं को मिलेगा, जिनकी शारीरिक स्थिति ई-ट्राईसाइकिल चलाने के अनुकूल हो। साथ ही उनके पास मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित दिव्यांग प्रमाणपत्र अथवा यूडीआईडी (UDID) कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी अथवा उसका परिवार आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिन छात्राओं को पिछले पांच वर्षों में किसी अन्य स्त्रोत से ई-ट्राईसाइकिल मिल चुकी है, वे इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगी। आवेदन के साथ संबंधित शिक्षण या प्रशिक्षण संस्थान से अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।

# श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष बने हरित शर्मा एडवोकेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए बड़ा महादेव मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार प्रेम कुमार बंसल ने की। बैठक में एडवोकेट हरित शर्मा को सर्वसम्मति से आगामी 2026 श्री रामलीला महोत्सव के आयोजन के लिए समिति का अध्यक्ष चुना गया। रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष शरद गर्ग ने गत वर्ष हुई रामलीला का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में नगर पालिका चेयरमैन शैलेश तेवतिया, पुरूषौत्तम चौधरी, संजीव तेवतिया बिट्टू, डॉ.संचय अग्रवाल, कुलदीप सिंघल, राजीव सैनी, राजेश अग्रवाल, दिनेश कौशिक, धर्मेन्द्र सिंह तेवतिया, रामकुमार कौशिक, महेश वर्मा,संजीव गोयल डिग्गू, मयंक अग्रवाल,जय तेवतिया, संजय शर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, आदेश चौहान, हैप्पी वर्मा, रवि दयाल, राहुल जिनवाल, शोभित , रवि मनौतियां आदि मौजूद रहे। रामलीला समिति के अध्यक्ष हरित शर्मा ने कहा की जनता के सहयोग से श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही महामंत्री व कोषाध्यक्ष की भी घोषणा की जाएगी।





# सिकंदराबाद फायरिंग कांडः पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**सिकंदराबाद।** थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो पिस्टल, 13 खोखा कारतूस, एक फॉर्च्यूनर, एक थार और पांच मोटर साइकिल बरामद की गई हैं पुलिस के अनुसार, मुकदमा संख्या 678/26 में प्रथम पक्ष से निखिल पुत्र इंद्रजीत, सत्यपाल पुत्र लोकेश, प्रशांत पुत्र सत्यपाल और विशु पुत्र भोपाल, निवासी निजामपुर को गिरफ्तार किया गया है

वहीं मुकदमा संख्या 679/26 में द्वितीय पक्ष से प्रियांशु पुत्र अजब सिंह, अरविंद पुत्र वीरपाल, रतनवीर पुत्र बुद्धा और सचिन पुत्र ब्रह्मपाल, निवासी निजामपुर को गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक फॉर्च्यूनर, एक थार, पांच मोटरसाइकिल, दो पिस्टल और 13 खोखा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# सिपाही की आत्महत्या से पहले ऑडियो वायरल, थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में एक सिपाही की आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक सिपाही सुधीर का एक कथित सुसाइड ऑडियो सामने आया है, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पुलिस विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है।



ऑडियो में सुधीर ने थानाध्यक्ष राहुल कुमार (राहुल चौधरी), मुंशी कपिल गुर्जर तथा एक अन्य पुलिसकर्मी पर मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। उसने कहा कि उसके पेट में दर्द था, लेकिन उसकी परेशानी को गंभीरता से नहीं लिया गया। उल्टा उसे लाइन हाजिर कर दिया गया, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हो गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार, कांस्टेबल अंकित गुर्जर और कांस्टेबल सुधीर को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने एसडीओ कार्यालय का किया घेराव

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बीबीनगर (वसीम खॉन)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा एसडीओ बीबी नगर कार्यालय का घेराव जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य के नेतृत्व में तथा जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान की अध्यक्षता में किया गया। क्षेत्र के किसान सुबह 11बजे कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया किसानों के तेवर देख बिजली विभाग के सभी कर्मचारी भाग खड़े हुए, एसडीओ बीवी नगर ने किसान दिवस का हवाला बताकर पलड़ा झाड़ लिया जिस कारण किसान और उग्रता में आ गए और सड़क पर जाम लगाने की धमकी दे डाली जाम लगाने की सूचना पर एस आई शुभम राठी इलाका पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और वार्ता की ,वार्ता विफल उपरांत मौके पर करीब आधा दर्जन बिजली कर्मचारियों को किसानों ने धूप में बैठा लिया तथा एसडीओ बीवी नगर को मौके पर बुलाने की बात पर अड गए ,पुलिस ने कुछ आना-कानी करने की कोशिश की तो किसानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

आनन फानन में किसानों के बीच पहुंचे एसडीओ बीवी नगर को भी किसानों ने धूप में बैठा लिया और खरी खोटी सुनाई, किसानों के आक्रोश के चलते करीब एक दर्जन समस्याओं का निपटारा मोके पर किया गया तथा एसडीओ बीवी नगर ने अफसोस जाहिर करते हुए भविष्य में किसानों से सॉफ्ट कॉर्नर रखने की बात कही तब जाकर समस्त स्टाफ को बंधन मुक्त किया जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने प्रशासन को नसीहत देते हुए अपनी कार्यशैली में सुधार लाने को कहा कि तहसील ,थाना ,ब्लॉक,बिजली दफ्तर आदि दफ्तरों के कर्मचारी किसानों से सस्ता एवं अच्छा व्यवहार बरते हैं नहीं तो भाकियू अराजनैतिक मुंह तोड़ जवाब देगी खुशी खुशी किसानों ने किसान मसीहा ठाकुर राजेश चौहान और वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी मांगेराम त्यागी के नारे लगाए पंचायत मेंः- जिला प्रभारी धर्मवीर उर्फ गुड्डू प्रधान, तहसील अध्यक्ष यशपाल चौधरी, युवा तहसीलअध्यक्ष कुलदीप चौधरी, बीवी नगर युवा ब्लॉक अध्यक्ष मनु चौधरी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## शुभारंभ

## पानी के उपयोग के लिए मग का प्रयोग करें

# 'जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प' थीम के साथ बुलंदशहर में भूजल सप्ताह का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** 16 जुलाई से 22 जुलाई 2026 तक मनाए जा रहे "भूजल सप्ताह" के प्रथम दिवस गुरुवार को "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प" थीम पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अतिदोहित विकासखंड सिकंद्राबाद स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय, भटपुरा में किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान मनोज कुमार शर्मा, भूगर्भ जल विभाग के नोडल अधिकारी राहुल देव शर्मा, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डी.सी. चंदेल तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रमिला शर्मा सहित शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे। नोडल अधिकारी राहुल देव शर्मा ने कहा कि जल संचयन के छोटे-छोटे उपाय अपनाकर भूजल का संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को "जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प" विषय पर निबंध लेखन के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि भूजल संसाधन सीमित हैं, इसलिए जल का विवेक पूर्ण एवं आवश्यकतानुसार ही उपयोग किया जाना चाहिए। सहायक अभियंता डी.सी. चंदेल ने दैनिक जीवन में जल बचाने के उपाय बताते हुए कहा कि ब्रश या शेविंग करते समय नल को अनावश्यक रूप से खुला न छोड़ें तथा पानी के उपयोग के लिए मग का प्रयोग करें। ग्राम प्रधान मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर अक्रियाशील जलाशयों (वॉटर बॉडी) की पहचान कर संबंधित विभागों और जनसहभागिता के सहयोग से श्रमदान के माध्यम से उनका पुनरुद्धार कराया जाएगा।







कार्यक्रम के दौरान भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों ने जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना के अंतर्गत शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, जलजनित बीमारियों से बचाव, योजना के रखरखाव, पाइप से पेयजल आपूर्ति को अपनाने, नल के जल के समुचित उपयोग तथा भूजल संरक्षण पर सामूहिक चर्चा की। ग्राम प्रधान ने बताया कि हर घर जल योजना के तहत ग्राम पंचायत भटपुरा, सोमनाथगढ़ी और मुख्तियारगढ़ी में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति शुरू होने के बाद घरों में भूजल दोहन के लिए लगाए गए सबमर्सिबल पंपों का उपयोग काफी कम हो गया है।

इस अवसर पर पावर मेक फाउंडेशन की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गईं, जबकि भूगर्भ जल विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन से संबंधित जागरूकता पंपलेट भी बांटे गए।

# मुख्यमंत्री के 18 जुलाई के बुलंदशहर आगमन को लेकर भाजपा की व्यवस्था बैठक सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, गंगानगर बुलंदशहर में आगामी 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बुलंदशहर आगमन के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण व्यवस्था बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने की, जबकि बैठक का संचालन जिला महामंत्री दीपक दुल्हेरा ने किया। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को भव्य, दिव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की सूची तैयार कर उन्हें अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। सभी कार्यकताओं से पूर्ण समर्पण एवं अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का बुलंदशहर आगमन जनपद के लिए गौरव का विषय है।



# सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने लग्जरी टोयज शोरूम का किया उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने ग्रेटर नोएडा में लग्जरी टोयज के नए शोरूम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए शोरूम की निरंतर प्रगति और सफलता की कामना की।



सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि ग्रेटर नोएडा तेजी से व्यापार और उद्योग का प्रमुख केंद्र बन रहा है। ऐसे आधुनिक प्रतिष्ठानों के खुलने से स्थानीय लोगों को बेहतर सेवाएं मिलने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देना क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने नए शोरूम के शुभारंभ पर संचालकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान मिलती है: शोएब मेवाती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** ग्राम अकबरपुर में आयोजित अकबरपुर-झोझा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार को उत्साह और खेल भावना के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जितेंद्र यादव व विशिष्ट अतिथि युवा समाज सेवी एवं पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी शोएब मेवाती शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जितेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि शोएब मेवाती ने फाइनल मुकाबले के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शोएब मेवाती ने कहा कि

**अकबरपुर-झोझा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न, विजेता-उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित**

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान मिलती है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखते हुए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।
शोएब मेवाती ने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति बढ़ता उत्साह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्हें विश्वास है कि गांवों की यही प्रतिभाएं भविष्य में जिला, प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए



आयोजकों की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हाजी भुट्टो, नगर अध्यक्ष सपा शहजाद अल्वी, किसान नेता जकी गोहरी, शकील (देवली), तल्हा उमर, अता मोहम्मद तथा आसिफ राजपूत सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# सड़क की चौड़ाई घटाने और सुरक्षा से समझौते के आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मेरठ एक्सप्रेस-वे (एनएच-24) स्थित बमेटा ग्राम के निकट गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) से स्वीकृत जयपुरिया सनराइज ग्रीन योजना के G-ब्लॉक के निवासियों ने मंगलवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री नंदकिशोर कलाल से मुलाकात कर बिल्डर की कथित अनियमितताओं और लंबे समय से लंबित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।बताया गया कि योजना के G-ब्लॉक में करीब 200 परिवार निवास कर रहे हैं। इस परियोजना का विकास रटश एजेंसी के माध्यम से कराया गया है। निवासियों का आरोप है कि GDA द्वारा स्वीकृत नक्शे में कॉलोनी की आंतरिक सड़क की चौड़ाई 9 मीटर निर्धारित है, जबकि मौके पर मुख्य सड़क को केवल करीब 7.3 मीटर चौड़ा छोड़ दिया गया है। इससे वाहनों के आवागमन, आपातकालीन सेवाओं और भविष्य में बढ़ने वाले यातायात को लेकर गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलोनी की सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्री वॉल में बाहरी क्षेत्र की ओर कथित रूप से अनधिकृत रूप से गेट खोल दिया गया है। उनका कहना है कि यह कार्य बाहरी डेवलपर के साथ मिलीभगत से किया गया, जिससे कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है और बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ने से महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो गया है। G-ब्लॉक के लगभग 20 निवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इस संबंध में कई बार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन अब तक केवल औपचारिक या गोलमोल जवाब ही प्राप्त





हुए हैं। उनका आरोप है कि न तो कथित अनियमित निर्माण रोका गया और न ही जिम्मेदार पक्षों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।निवासियों ने मांग की कि स्वीकृत नक्शे और वास्तविक निर्माण का तकनीकी सत्यापन कराया जाए, सड़क की चौड़ाई में हुई कथित कमी की जांच कराई जाए, बाउंड्री वॉल में बनाए गए गेट की वैधता की जांच हो तथा यदि किसी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और भविष्य में किसी प्रकार की सुरक्षा संबंधी घटना या जनहानि होती है, तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित बिल्डर और संबंधित अधिकारियों की होगी। उन्होंने कहा कि पूरे मामले से राज्य के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। निवासियों ने प्रशासन और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से मांग की है कि जनहित एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे कॉलोनी में रहने वाले सैकड़ों परिवार सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सकें।

# डॉ. रंजन तोमर की पहल पर पेंगोलिन संरक्षण की दिशा में असम सरकार ने उठाए महत्वपूर्ण कदम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** देश में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। आरटीआई कार्यकर्ता एवं सामाजिक चिंतक डॉ. रंजन तोमर द्वारा प्राप्त सूचना में यह तथ्य उजागर हुआ कि लगातार दो वर्षों तक भारत में पेंगोलिन के सर्वाधिक शिकार के मामले असम राज्य से सामने आए।
इस गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. रंजन तोमर ने असम सरकार को विस्तृत पत्र भेजकर आग्रह किया कि जिस प्रकार काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडों की सुरक्षा के लिए विशेष रणनीति अपनाकर शिकार पर प्रभावी नियंत्रण किया गया, उसी प्रकार पेंगोलिन संरक्षण के लिए भी विशेष नीति, कड़े कानून और सख्त प्रवर्तन व्यवस्था लागू की जाए। डॉ. तोमर की इस पहल पर संज्ञान लेते हुए असम सरकार ने अपने




आधिकारिक उत्तर में आश्वस्त किया है कि वन्यजीव अपराधों तथा वन्यजीवों की अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए आवश्यक एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। यह कदम पेंगोलिन जैसे अत्यंत संकटग्रस्त वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है। डॉ. रंजन तोमर ने कहा कि वन्यजीवों की रक्षा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि असम सरकार के प्रयासों से पेंगोलिन के अवैध शिकार में उल्लेखनीय कमी आएगी और यह पहल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार (RTI) के माध्यम से प्राप्त तथ्यों के आधार पर जनहित के मुद्दों को सरकारों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है तथा सकारात्मक प्रशासनिक बदलाव संभव हैं। यह पहल उसी दिशा में एक सार्थक उदाहरण है।

# शहर वासियों का उत्पीड़न अवधेश शर्मा अध्यक्ष गाजियाबाद उद्योग व्यापार मंडल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश , सरकार इस पत्र के माध्यम से शहरवासियों की पीड़ा और हमारे स्थानीय सांसद, सभी सम्मानित विधायक गण, मेयर महोदया और नगर निगम के सभी पार्षदगणों की मासूमियत समझा जाए या जानबूझ कर सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास कहा जाए, जो कि गाजियाबाद नगर निगम के माध्यम से पिछले कई दशकों से निरंतर हर दो वर्ष में 10% की दर से की जा रही वृद्धि के बावजूद गाजियाबाद की जनता पर 300 से 400% की दर से बेहताशा कर वृद्धि के माध्यम से जनता को गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचा कर जनता में सरकार की जनविरोधी छवि बनाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी आपके माध्यम से हम अपने शहर के सभी जनप्रतिनिधियों से कुछ साधारण प्रश्न हैं, उनके जवाब जनता चाहती है।
1) गृहकरवृद्धि की वसूली की नाजायज कोशिश का सेक्टर रेट के आधार पर कर वसूली करने का आधार क्या है? क्या उत्तर प्रदेश में अधिकारियों को सेक्टर रेट के आधार पर वेतन और अन्य वेतन भत्ते दिए जाने की नीति है? क्या यूपी में नगर निगम के उपयोग में आने वाले डीजल, पेट्रोल, लोहा, सीमेंट, तारकोल, रोडी, बदरपुर आदि की कीमत और उन पर जी एस टी सेक्टर रेट के आधार पर लगाई जाती है? यदि नहीं तो सेक्टर रेट के आधार पर गृह कर का निर्धारण क्यों आवश्यक है? जब प्रत्येक दो वर्ष में 10% की दर से गृहकर वृद्धि पिछले लगभग डेढ़ दशक से निरंतर की जा रही है, तो अचानक इतनी गृहकर बढ़ोतरी क्यों? 2) जब गृहकर की दर बढ़ाने से



पहले नगर निगम ने वार्षिक लाभ 500 करोड़ रुपए दिखा रखा है और जब नगर निगम के पास बजट की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, तो बेतहाशा गृहकर बढ़ोतरी के माध्यम से शहर वासियों का आर्थिक शोषण क्यों किया जा रहा है?
3) नगर निगम के अधिकारी 50% सम्पत्ति पर गृहकर नहीं लगा पाए। नगर निगम के अधिकारी अपनी नाकाबिल अफसरशाही और सिर्फ अपने निजी विकास में मस्त रहते हुए जो लोग पहले से ईमानदारी से गृहकर समय से जमा करा रहे थे, सिर्फ उन पर ही आर्थिक बोझ क्यों डाला जा रहा है?
3) हमारे जनप्रतिनिधि और नगर निगम के अधिकारी शहर के विकास के लिए गृहकर बढ़ोतरी में बेहतशा वृद्धि कर ज्यादा धन संग्रह की आवश्यकता बता रहे हैं, तो जनता का निवेदन मुख्यमंत्री से है कि क्या यूपी सरकार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को भंग कर गाजियाबाद के विकास की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने जा रही है? क्योंकि शहर वासियों को तो इतना ही पता है कि शहर के विकास की जिम्मेदारी जी डी ए की होती है और शहर के पार्कों, सड़कों, स्ट्रीट लाइटों, शहर की सफाई और नाले और नालियों की सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है, ना कि विकास की।

# काईट मानद विश्वविद्यालय ने रैगिंग-मुक्त परिसर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया और अधिक सुदृढ़

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** सुरक्षित, समावेशी एवं छात्र-केंद्रित परिसर उपलब्ध कराने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के तहत काईट मानद विश्वविद्यालय ने 16 जुलाई 2026 को टीबीआई कॉन्फ्रेंस हॉल में कुलपति प्रो. नागराज रामराव एवं प्रो-वाईस चांसलर डॉ. मनोज गोयल की अध्यक्षता में एंटी-रैगिंग समिति की बैठक आयोजित की।
इस बैठक में एंटी-रैगिंग समिति के सदस्य, विश्वविद्यालय के अधिकारी, अभिभावक, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि, जिनमें उप-निरीक्षक श्री मोनेन्द्र कुमार एवं श्री रोहित कुमार, गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि तथा अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विश्वविद्यालय की एंटी-रैगिंग व्यवस्था की समीक्षा करना तथा उसे और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाना था। बैठक में कई प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श किया गया, जैसे




विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग उपायों को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाना, परिसर के प्रमुख स्थानों पर एंटी-रैगिंग पोस्टर एवं बैनरों के रणनीतिक प्रदर्शन के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की स्थापना एवं उसकी नियमित मॉनिटरिंग सहित सुरक्षा अवसंरचना की समीक्षा करना, शैक्षणिक भवनों, छात्रावासों एवं अन्य क्षेत्रों में अनुशासन, सुरक्षा तथा सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करना एवं विद्यार्थियों के बीच सम्मान, उत्तरदायित्व, समावेशिता एवं पारस्परिक सहयोग की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु अतिरिक्त पहलों पर चर्चा करना।
बैठक में स्थानीय पुलिस, अभिभावकों, गैर-सरकारी संगठनों (NGO), मीडिया तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता ने सभी विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, स्वागतपूर्ण एवं रैगिंग-मुक्त परिसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक समन्वित एवं सक्रिय प्रयास को प्रतिबिंबित किया।
काईट मानद विश्वविद्यालय रैगिंग के प्रति अपनी "शून्य सहिष्णुता नीति" को दृढ़तापूर्वक लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा गरिमा, सम्मान, समावेशिता और छात्र कल्याण पर आधारित परिसर संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

# पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ग्रेटर नोएडा। पूर्व सैनिकों एवं वीर सेनानियों के सम्मान में जेवर स्थित कैलाश अस्पताल द्वारा विशेष 'सम्मान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से अधिक ईसीएचएस सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व सैनिकों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। यहां वीर सेनानियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके अद्वितीय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।
इस अवसर पर कैलाश अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एके सिंह ने कहा, पूर्व सैनिक हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। उनके सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता हमारी प्राथमिकता है। भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इसके पश्चात आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बढ़ती आयु में होने



वाली सामान्य एवं गंभीर बीमारियों, समय पर जांच, उपचार एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ईसीएचएस लाभार्थियों के लिए उपलब्ध कैशलेस उपचार, पैनल सुविधाओं एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवाद सत्र में पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया।

**बैरिकेडिंग** | **घरों तथा प्रतिष्ठानों की एंट्री पर डाला जा रहा है जीएसबी मटेरियल**

# इंदिरापुरम में नए बने हुए नालों में से हटाये गए अवरुद्ध, चल रहे कार्य स्थलों पर कराई गई बैरिकेडिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम में लगभग 300 करोड़ के निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें विशेष रूप से नालों का निर्माण, प्रमुख सड़कों का निर्माण, ग्रीन बेल्ट का निर्माण सेंट्रल वर्ज की मरम्मत के कार्य कराई जा रहे हैं इसी के साथ सी एम ग्रिड के कार्यों से भी इंदिरापुरम की नई तस्वीर देखने को मिलेगी,गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा इंदिरापुरम के नालों पर हुए कब्जों को भी हटाया गया है जल भराव ना हो ध्यान में रखते हुए नए नालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है ' लगभग 5 से 6 महीने बाद इंदिरापुरम क्षेत्र की सुंदर और सुव्यवस्थित तस्वीर देखने को मिलेगी जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिलेगा, सुंदर सड़कों के साथ-साथ व्यवस्थित सुविधा का भी ध्यान रखा गया है जल भराव ना हो नालों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी निगम द्वारा की गई है ' इंदिरापुरम निवासियों के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में बारिश के दौरान असुविधा का सामना न



करना पड़े विशेष ध्यान रखने के लिए निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी तथा अन्य विभाग को निर्देश दिए गए, मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, तथा अन्य समस्त विभागों की टीम को एक साथ योजना तथा समन्वय बनाते हुए इंदिरापुरम में चल रहे कार्यों से निवासियों को असुविधा न हो विशेष ध्यान रखने के लिए को निर्देशित किया गया इंदिरापुरम अंतर्गत सीआईएसफ रोड तथा नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, विजयलक्ष्मी मार्ग सड़क तथा नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, कैलाश मानसरोवर मार्ग सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, साथ जुड़ी हुई इंटरनल सड़के भी बनाई जा चुकी हैं, काला पत्थर से साइ चौक तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है नाला निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, गौर चौक के से लेकर सुपरटेक वाली सड़क का कार्य चल रहा है नाला निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, विधायक कॉलोनी सड़क व नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुकाहै ज्ञान खंड 1 2 3, नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है, वैभव खंड, सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, शिप्रा सनसिटी मुख्य मार्ग, सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है अहिंसा खंड सड़क तथा नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है इसके अलावा सीएम ग्रिड के अंतर्गत लिए जाने वाले पांचो मार्ग, काला पत्थर मार्ग, शिप्रा सनसिटी के बाहर का मार्ग, अनुसूया मार्ग, कावेरी मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग पर तेजी से कार्य चल रहा है जिसमें बैरिकेटिंग व अन्य सुविधा का ध्यान निर्माण विभाग द्वारा रखा जा रहा हैळ कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम इंदिरापुरम में वृहद स्तर पर विकास को रफ्तार दे रहा है कई सालों पुरानी समस्याओं का समाधान भी निर्माण उद्यान स्वास्थ्य विभाग तथा जलकल विभाग संयुक्त रूप से कर रहा है, नालों पर कब्जा होने के कारण जल भराव की समस्या, पुरानी सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या, सड़कों पर स्थाई अतिक्रमण की समस्या तथा अन्य ऐसी जटिल समस्या जिनसे नागरिकों को प्रतिदिन परेशानी होती थी समाधान स्थाई रूप से करने के लिए नगर निगम की टीम इंदिरापुरम के क्षेत्र में डटी हुई है, जनहित में नगर आयुक्त द्वारा इंदिरापुरम निवासियों से चल रहे विकास कार्यों में विशेष सहयोग करने के लिए अपील की जा रही है ।

# नगर निगम का 1000 का चालान भी बेअसर, गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से इस्तेमाल जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल-यूज पॉलीथिन (पन्नी) का उपयोग खुलेआम जारी है। सोसायटी परिसर स्थित राजू किराना एंड वेजिटेबल्स शॉप पर ग्राहकों को प्रतिबंधित पॉलीथिन में सामान दिया जा रहा है।



स्थानीय निवासियों के अनुसार, नगर निगम की टीम पहले भी इस दुकान पर छापेमारी कर ?1000 का चालान काट चुकी है। इसके बावजूद प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग नहीं रुका, जिससे नगर निगम की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।
इस संबंध में गौरव बंसल ने प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, नगर आयुक्त गाजियाबाद तथा नगर निगम की 311 ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पर्यावरण संरक्षण संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है।

# धर्म समाज इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** धर्म समाज इंटर कॉलेज अलीगढ़ में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा



2026 के प्रथम तीन तीन टॉपर्स को पुरस्कार शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. कौशलेन्द्र कुमार एवं प्रबंधक श्री अम्बरीश गर्ग ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ. कौशलेंद्र कुमार एवं प्रबंधक श्री अंबरीश गर्ग ने इन टॉपर छात्रों की तरह अन्य छात्रों को भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रवक्ता श्री योगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यदि छात्र पूरी ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत करें तो अवश्य ही सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचेंगे। हाई स्कूल के टॉपर्स....प्रथम स्थान....अमन निषाद द्वितीय स्थान ...आर्यन शर्मा तृतीय स्थान.....कृष्णा इंटरमीडिएट के टॉपर्स...प्रथम स्थान.....हिमांशु गोला द्वितीय स्थान....जतिन सारस्वत तृतीय स्थान .... मोक्ष शर्मा चतुर्थ स्थान .... ध्रुव प्रताप सिंह इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार अग्रवाल,उप प्रबंधक श्री विनीत अग्रवाल सदस्य ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। संस्था के सभी शिक्षक श्री राजेश कौशल, रमेश यादव, भुवनेश कुमार, ईश्वर चंद ,प्रताप सिंह, एसपी सिंह, आर पी शर्मा, अमित चौबे, राजा अग्रवाल, नौशाद अहमद, ईश्वर दास वर्मा, सरिता, अवधेश कुमार, सुभाष चंद्र, वीरपाल दिवाकर, डॉ संतोष सोन आदि एवं विद्यालय के समस्त छात्र प्रार्थना स्थल पर उपस्थित थे।

# कांग्रेस बोली स्कूल वाहन चालकों का हो रहा उत्पीड़न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** स्कूल वाहनों के खिलाफ चल रही प्रवर्तन कार्रवाई को लेकर गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में कांग्रेस नेताओं और वाहन चालकों ने प्रदर्शन कर अधिकारियों से मुलाकात की। कांग्रेस ने चालकों के आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया, जबकि परिवहन विभाग ने साफ किया कि बिना फिटनेस और जरूरी दस्तावेज वाले स्कूली वाहनों को किसी भी हाल में सड़क पर नहीं चलने दिया जाएगा।

गुरुवार को कांग्रेस नेता आगा यूनुस के नेतृत्व में वाहन चालक आरटीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश स्कूल वाहन चालक गरीब परिवारों से हैं और वाहन चलाकर ही आजीविका चलाते हैं। लगातार छापेमारी और वाहनों को सीज किए जाने से उनके सामने रोजी-



रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आगा यूनुस ने कहा कि चालकों को नियमों और जरूरी औपचारिकताओं की पर्याप्त जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने फिटनेस सेंटरों और कथित दलालों के जरिए अवैध वसूली का भी आरोप लगाया और कहा कि भ्रष्टाचार और शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने स्कूल वाहन चालकों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था लागू करने, परमिट संबंधी समस्याओं का समाधान कराने और प्रवर्तन कार्रवाई में कुछ समय की राहत देने की मांग की। उनका कहना था कि कई चालक वर्षों से स्कूलों से जुड़े हैं, लेकिन अब परमिट और अनुबंध से जुड़ी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। एआरटीओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 100 से अधिक अनफिट स्कूली वाहनों के चालान किए जा चुके हैं और कई वाहनों को सीज भी किया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों ने एक महीने का समय मांगा है, लेकिन यह निर्णय उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। फिर भी विभाग मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सीमित समय देने पर विचार कर सकता है, ताकि चालक फिटनेस, बीमा और अन्य दस्तावेज पूरे करा सकें। एआरटीओ ने बताया कि फिटनेस सेंटरों के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। साथ ही वाहन चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग की ओर से एक कर्मचारी नामित करने पर भी सहमति बनी है।

# तबादले: इगलास, लोधा, गोंडा समेत कई थानों को मिले नए प्रभारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण में तेजी लाने और जनसुनवाई को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण थानों की कमान नए अधिकारियों को सौंपी गई है।




एसएसपी के आदेशानुसार, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक राजीत वर्मा को इगलास थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इगलास के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिसोदिया को महुआखेड़ा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गोंडा थाने के प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र सिंह को लोधा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। महुआखेड़ा में तैनात निरीक्षक रविंद्र सिंह को यूपीपीसीएल में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के बाद पुलिस लाइन भेजा गया है।

सासनी गेट थाने में अतिरिक्त निरीक्षक (क्राइम) सुधीर कुमार को महुआखेड़ा थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। लोधा थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार को सासनी गेट थाने की जिम्मेदारी मिली है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक मोनू कुमार आर्या को गोंडा का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने सभी नव-नियुक्त अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने, महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देने और जनसुनवाई को संवेदनशील व परिणामकारी बनाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# स्कूलों के वाहन चालकों के हड़ताल पर चले जाने से बच्चों की आवागमन व्यवस्था चरमराई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जर्जर स्कूली वाहनों के खिलाफ संभागीय परिवहन कार्यालय की कार्रवाई के विरोध में अलीगढ़ शहर के दो बड़े स्कूलों के निजी वाहन चालकों ने हड़ताल का ऐलान किया है। अवर लेडी ऑफ फातिमा (ओएलएफ) और संत फिदेलिस स्कूल से जुड़े वाहन चालक आज और कल हड़ताल पर रहेंगे। इस फैसले से दोनों स्कूलों के सैकड़ों बच्चों और उनके अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ने वाली जर्जर स्कूली वाहनों के खिलाफ संभागीय परिवहन कार्यालय की कार्रवाई के विरोध में अलीगढ़ शहर के दो बड़े स्कूलों के निजी वाहन चालकों ने हड़ताल का ऐलान किया है। अवर लेडी ऑफ फातिमा (ओएलएफ) और संत



फिदेलिस स्कूल से जुड़े वाहन चालक आज और कल हड़ताल पर रहेंगे। इस फैसले से दोनों स्कूलों के सैकड़ों बच्चों और उनके अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। बुधवार को ओएलएफ स्कूल के सामने दर्जनों वाहन चालक इकट्ठा हुए और उन्होंने अपनी व्यावहारिक समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। हड़ताल पर गए चालकों पुष्पेंद्र, शाहिद, मुरली सिंह, गुड्डू शाह और पंकज समेत कई अन्य का कहना है कि वे नियमों का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनकी कुछ व्यावहारिक मुश्किलें हैं। कई छोटे वाहन चालक आर्थिक रूप से कमजोर हैं। सभी सुरक्षा मानकों और कागजी औपचारिकताओं को तुरंत पूरा करना उनके बजट से बाहर है। चालकों का आरोप है कि आरटीओ बिना पर्याप्त समय दिए सीधे कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए दस्तावेज दुरुस्त करने के लिए कम से कम एक हफ्ते की मोहलत मांगी है। इस हड़ताल की वजह से बृहस्पतिवार और शुक्रवार को बच्चों को स्कूल भेजने और वापस घर लाने की पूरी जिम्मेदारी अभिभावकों के कंधों पर आ गई है।

# ट्रैक्टर बाइक भिड़ंत सगे भाइयों की मौत, एक युवक घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अलीगढ़ में जवां नहर के पास एक बाइक आगे चल रहे टैज्क्टर से टकरा गई, टक्कर इतनी भयंकर थी की एक ही बाइक पर सवार दो भाईयों की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया।

. प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवां के पास हुई। क्वार्सी क्षेत्र के जमालपुर निवासी 19 वर्षीय साजिव अपने साथियों सुभान और समीर के साथ बाइक से आ रहा था। रास्ते में खाद से भरी खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकरा गई। हादसे में साजिव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुभान और समीर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां पहुंचने से पहले समीर ने भी दम तोड़ दिया। सुभान की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घटना जवां थाना क्षेत्र की है।

मृतकों की पहचान धौर्रा पुलिया, क्वार्सी



निवासी साजिव खान (22) और समीर खान (20) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, एक बाइक पर तीन युवक बैठकर किसी काम से मार्केट जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर टकराई गई। दोनों मोहम्मद इदरीश के बेटे थे। वहीं घायल सुभान जलालपुर, क्वार्सी का रहने वाला है। समीर के भाई नदीम ने बताया कि तीनों युवक किसी काम से जवां गए थे। वहां से एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। सुभान बाइक चला रहा था, जबकि साजिव और समीर पीछे बैठे थे। जवां नहर के पास उनकी बाइक आगे चल रहे ट्रैक्टर से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने साजिव और समीर को मृत घोषित कर दिया। सुभान का इलाज जेएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सतत एवं प्रौढ़ शिक्षा तथा विस्तार केंद्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षार्थियों को जनसंख्या से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक सोच को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना था।




प्रतियोगिता में केंद्र के लगभग 32 शिक्षार्थियों एवं हितधारकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन एएमयू के ललित कला विभाग की अतिथि अध्यापिका डॉ. अतिया परवीन ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की सराहना की। प्रतियोगिता में मदीहा तनवीर ने प्रथम, तूबा खान ने द्वितीय तथा शाइजीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता कंप्यूटर फंडामेंटल्स एवं एमएस ऑफिस बेसिक्स पाठ्यक्रम की छात्राएं हैं। सांत्वना पुरस्कार जैद (कंप्यूटर फंडामेंटल्स एवं एमएस ऑफिस बेसिक्स) तथा मुस्कान फातिमा (कार्यात्मक अंग्रेजी) को प्रदान किए गए। केंद्र के निदेशक डॉ. शमीम अख्तर ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां सामाजिक सरोकारों से जुड़े समकालीन विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिभागियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को भी प्रोत्साहित करती हैं। अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बी0बी0ए लॉजिस्टिक्स के 23 विद्यार्थियों का टीवीएस सप्लाई चैन होसुर, बैंगलोर में इंटर्न के रूप में हुआ चयन श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । चल रहे रोजगारपरक पाठ्यक्रम बी बी ए (लॉजिस्टिक्स) के चतुर्थ सेमेस्टर के 23 विद्यार्थियों का टीवीएस सप्लाई चैन होसुर, बैंगलोर में इंटर्नशिप के लिए चयन हो गया है। प्राचार्य प्रोफेसर नीता ने बताया कि बी बी ए (लॉजिस्टिक्स) पाठ्यक्रम में



अध्यनरत विद्यार्थियों के इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के लिए लॉजिस्टिक काउंसिल आफ इंडिया के साथ श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हो चुका है। इसी योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 23 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के लिए भेजा जा रहा है । चयनित होने वाले विद्यार्थियों में अभिषेक तोमर, भरत सिंह, जैस्मिन, गगन अग्रवाल, हर्षल पॉल, हर्षिता वार्ष्णेय, कृष्ण वार्ष्णेय, लक्ष्य वार्ष्णेय, लोकेश्वरी शर्मा, निकिता शर्मा, प्रियम, संकेत कुमार, शरण, शिवम दीक्षित, श्रुति माहेश्वरी, सुधांशु यादव, सुमित, उत्कर्ष पाल सिंह, वैभव कुमार ,यश प्रकाश सिंह और यश उपमन्यु सम्मिलित हैं । 9 महीने की इंटर्नशिप के दौरान प्रत्येक इंटर्न को 15,000 प्रति माह प्राप्त होंगे । इंटर्नशिप पूर्ण होने के उपरांत लॉजिस्टिक काउंसिल आफ इंडिया द्वारा इन्हें विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट दे दिया जाएगा। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर गुंजन अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण के उपरांत द्वितीय चरण की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई हैं। टाटा समूह की कंपनियां में शेष बचे विद्यार्थियों को इंटर्नशिप में भेजने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरेंद्र गौड़ ने बताया कि बी बी ए (लॉजिस्टिक्स) का यह प्रथम बैच है ।बी बी ए (लॉजिस्टिक्स) एक रोजगारपरक पाठ्यक्रम है । वर्तमान समय में अलीगढ़ जनपद में लॉजिस्टिक्स पार्क बनाने की सरकार की योजना है । अतः इन विद्यार्थियों को भविष्य में एनसीआर क्षेत्र में भी रोजगार के विभिन्न अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर डॉ. अतुल अरोरा, डॉ. कनिका अग्रवाल, डॉ. ज्योति शिखा, डॉ. श्रुति सेठ, डॉ. प्रिया गुप्ता एवं पाठ्यक्रम सह निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाइयां दीं।

# सरकारी नल पर नहाने को लेकर चाचा भतीजे भिड़े, आठ लोग घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना दादों क्षेत्र के गांव निनामई ओजीपुर में सरकारी नल पर पानी भरने और पुराने पैसों के विवाद को लेकर बुधवार सुबह दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे चले, जिसमें एक महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर दादों थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार और चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छर्रा भेजा। इस झगड़े का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरूआत मंगलवार शाम को हुई थी। गांव के सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर विजेंद्र सिंह पुत्र अमीर सिंह और दूसरे पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हुई थी। तब दादों पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, बुधवार सुबह दोनों पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए और विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस मारपीट में एक पक्ष से विजेंद्र सिंह पुत्र अमीर सिंह घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से जोगेंद्र पुत्र रामप्रकाश, जितेंद्र पुत्र सुनील और कुसुम देवी पत्नी भूरे सिंह घायल हो गए। गुरुवार सुबह क्षेत्राधिकारी छर्रा अविनेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष एक ही परिवार के हैं। यह झगड़ा सरकारी नल पर पानी भरने और पुराने पैसों के विवाद को लेकर हुआ है। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण करा लिया गया है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यक्रम** इस कार्यक्रम में गंभीर रूप से जलने वाले (बर्न) मरीजों के इलाज में हुई नई प्रगति और बच्चों की यूरोलॉजी में रोबोट-असिस्टेड सर्जरी पर चर्चा की गई


# आईएमएबर्न मैनेजमेंट तथा बच्चों की रोबोटिक सर्जरी में नई उपलब्धियों पर डाली रोशनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), अलीगढ़ के साथ मिलकर एक कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में गंभीर रूप से जलने वाले (बर्न) मरीजों के इलाज में हुई नई प्रगति और बच्चों की यूरोलॉजी में रोबोट-असिस्टेड सर्जरी पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल के प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शाहीन नूरीयजदान और पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और पीडियाट्रिक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. सुजीत चौधरी ने अपने अनुभव साझा किए।

इस कार्यक्रम में स्थानीय डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। उन्होंने नई सर्जरी टेक्नोलॉजी, वैज्ञानिक इलाज के




तरीकों और उन आधुनिक खोजों पर चर्चा की, जो जटिल रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी और बच्चों की यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियों के इलाज के बेहतर नतीजे दे रही हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि गंभीर रूप से जलना आज भी सबसे कठिन मेडिकल इमरजेंसी में से एक है। ऐसे मरीजों का समय पर इलाज शुरू करना बहुत जरूरी होता है। इनके बेहतर इलाज के लिए इमरजेंसी डॉक्टरों, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों, प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जनों और रीहैबिलिटेशन विशेषज्ञों की टीम साथ मिलकर काम करती है। साथ ही, रोबोट-असिस्टेड सर्जरी बच्चों की यूरोलॉजी के इलाज को बेहतर बना रही है। इससे डॉक्टर कठिन ऑपरेशन भी ज्यादा सटीक तरीके से कर पाते हैं। इसके कारण बच्चे को कम तकलीफ होती है, हॉस्पिटल में कम दिन रुकना पड़ता है और वह जल्दी ठीक हो जाता है।

चर्चा में विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि मरीजों को समय पर विशेषज्ञ हॉस्पिटल में भेजना, कई विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मिलकर इलाज करना और डॉक्टरों के बीच लगातार सहयोग बनाए रखना बेहतर इलाज के लिए बहुत जरूरी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देना जरूरी है, जहां हेल्थकेयर प्रोफेशनल नई टेक्नोलॉजी और इलाज के तरीकों की जानकारी साझा कर सकें। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा मरीजों को आधुनिक सर्जरी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

इसी बारे में बात करते हुए इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के सीनियर कंसल्टेंट, प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी, डॉ. शाहिन नूरीयजदान ने बताया कि, ष्अब गंभीर रूप से जले मरीजों का इलाज सिर्फ उनकी जान बचाने तक सीमित नहीं है। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के सीनियर कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और पीडियाट्रिक सर्जरी डॉ. सुजीत चौधरी ने कहा कि, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी के इलाज में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति हुई है। रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी ने बच्चों की जटिल रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रियाओं को करने के तरीके को बदल दिया है।

# बरसाती मौसम में बढ़े स्नेक बाइट के मामले... घरेलू उपचार से बचें मरीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा/अलीगढ़।** मानसून का मौसम गर्मी से राहत दिलाने वाला होता है, लेकिन इसके आने के साथ-साथ सांप के काटने के मामलों में भी एक मौसमी बढ़त देखने को मिलती है। खासकर रूरल और सब अर्बन एरिया में, इस दौरान ऐसी घटनाएं काफी बढ़ जाती हैं। दरअसल, बारिश की वजह से जब खेतों में पानी भर जाता है और सड़कों पर जलभराव हो जाता है, तो सांप अपने बिलों से बाहर निकलने पर मजबूर हो जाते हैं। सुरक्षित ठिकानों की तलाश में इधर-उधर भटकते इन सांपों का सामना इंसानों से ज्यादा होने लगता है। यही वजह है कि इस मौसम में खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर, खुले मैदानों के आस-पास रहने वाले लोग और बच्चे सबसे ज्यादा जोखिम में आ जाते हैं।

डॉ. बिरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), कैलाश हेल्थकेयर के अंतर्गत आने वाले कैलाश हॉस्पिटल, खुर्जा ने कहा सांप का काटना उन समय-संवेदनशील चिकित्सीय आपात स्थितियों में से एक है, जहां वास्तव में हर मिनट परिणाम को काफी हद तक बदल सकता है। विशेष रूप से मानसून के मौसम में, हमें ऐसे मामलों में स्पष्ट रूप से वृद्धि देखने को मिलती है, खासकर ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों से आने वाले मरीजों में।

# पंचायत डेवलपमेंट प्लान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को विकास भवन के सभागार में उपनिदेशक(पंचायत) मेरठ के कुशल निर्देशन में पंचायत डेवलपमेंट प्लान विषय पर जनपद स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा एवं जिला विकास अधिकारी अनवर शेख एवं जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ता द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया।

जिला विकास अधिकारी अनवर शेख द्वारा पंचायत डेवलपमेंट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायत गुणवत्तापूर्ण कार्य योजना का निर्माण कर पंचायत को सक्षम एवं मॉडल गांव के रूप में विकसित करें। कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा पीडीपी के उद्देश्यों और कानूनी ढांचे,जिला,ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की भूमिका,सहभागिता पूर्ण नियोजन,संबंधित विभागों के साथ अभिसरण,ई ग्राम स्वराज,एलएस डी जी के 9 थीम का परिचय,एसबीएम एवं जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी,गांव में स्वयं के आय के स्रोत एवं सहभागिता के माध्यम से राजस्व में वृद्धि जैसे बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

कार्यशाला में प्रशिक्षक अंकित भड़ाना ने 16 वे वित्त,जनपद प्रोजेक्ट मैनेजर मुनीब ने तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण का संचालन डॉ दीपक सिंह वरिष्ठ फैकल्टी, डीपीआरसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी एवं जीपीडीपी क्रियान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक मुश्त समाधान योजना: 66 आवंटियों ने ओटीएस का लाभ उठाने को किया आवेदन:वीसी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** शासन के निर्देश पर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने सभी आवासीय सम्पत्तियों व मानचित्रों के डिफाल्टर आवंटियों को राहत देने के लिए गत 18 अप्रैल को शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने का अंतिम दिन है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने आवंटियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

- आज अंतिम तिथि,एचपीडीए उपाध्यक्ष ने योजना का लाभ उठाने की अपील की
- निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे:प्रभारी सचिव
- गत 18 अप्रैल से शुरू की थी,एक मुश्त समाधान योजना

निर्धारित तिथि उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एचपीडीए उपाध्यक्ष ने लोगों से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की है। अभी तक 66 आवंटियों ने योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी सभी आवासीय सम्पत्तियों व मानचित्रों के डिफाल्टर आवंटियों को लाभ पहुंचाने के लिए एक मुश्त समाधान योजना(ओटीएस)शुरू की है। यह योजना गत 18 अप्रैल से शुरू होकर आगामी 17 जुलाई आज तक जारी रहेगी। उन्होंने डिफाल्टर आवंटियों से शीघ्र ही योजना का लाभ उठाने की अपील की है।






**ओटीएस का लाभ उठाये**

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में करीब 171 डिफाल्टर आवंटी है। जिन्हें योजना का लाभ लेने के लिए प्राधिकरण द्वारा सूचित भी किया है। अभी तक 66 डिफाल्टर आवंटियों ने योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया है।

**आवंटियों को मिलेगी छूट**

बताया गया कि एचपीडीए की आवासीय संपत्तियों के डिफाल्टर आवंटियों योजना का लाभ लेते है,तो उनको सिर्फ साधारण ब्याज देना होगा,दंड ब्याज नहीं लिया जायेगा। ओटीएस योजना के सभी डिफाल्टर आवंटियों से साधारण ब्याज,जो सम्पत्ति आवंटन के समय किस्तों के निर्धारण पर लागू ब्याज दर के बराबर होगा,लिया जायेगा।

**मानचित्र डिफाल्टर प्रकरण के लिए भी ओटीएस**

आपको बता कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की ओटीएस योजना प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं के साथ-साथ मानचित्र डिफाल्टर्स के प्रकरणों के भी लागू रहेगी। मानचित्र के डिफाल्टर भी योजना का लाभ उठा सकते है।

**निर्धारित तिथि के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं होगा**

एचपीडीए के प्रभारी सचिव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा ओटीएस आगामी 17 जुलाई तक के लिए शासन के निर्देश पर शुरू की है। निर्धारित तिथि के उपरांत डिफाल्टर द्वारा किये गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# हिम्मतपुर में सांप के काटने से महिला की हालत बिगड़ी, मेरठ मेडिकल रेफर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर निवासी सुदेश (55 वर्ष), पत्नी आदेश, गुरुवार सुबह पशुओं के लिए खेत पर चारा लेने गई थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक जहरीले सांप ने उनके हाथ में दो स्थानों पर काट लिया। सांप के काटते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिखेड़ा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए लाला लाजपत राय स्मारक (एलएलआरएम) मेडिकल कॉलेज, मेरठ रेफर कर दिया।

- सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़े मरीज
- सीएचसी सिखेड़ा में सर्पदंश के 10 दिन में आए 6 छह लोग



सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित बैसला ने बताया कि गर्मी और बरसात के मौसम में सांप अपने बिलों से निकलकर खेतों, झाड़ियों और रिहायशी क्षेत्रों की ओर आ जाते हैं। ऐसे में लोगों को रात के समय घर से बाहर निकलते या खेतों में जाते समय पर्याप्त रोशनी का उपयोग करना चाहिए तथा सावधानी बरतनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि पिछले एक माह में सीएचसी पर सर्पदंश के लगभग आधा दर्जन मरीज उपचार के लिए पहुंच चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप के काटने पर झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में समय बर्बाद न करें, बल्कि पीड़ित को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल या सीएचसी में ले जाकर चिकित्सकीय उपचार कराएं।

**सर्पदंश के 10 दिन में आए 6 लोग**

- 6 जुलाई को कविता पत्नी सुरेंद्र 40 वर्ष महिला हिम्मतपुर
- 9 जुलाई अफजल पुत्र इंतजार 35 वर्ष वैट
-13 जुलाई योगेश पुत्र धर्म सिंह 48 सिखेड़ा
-14 जुलाई राधेश्याम पुत्र किशन लाल 55 वर्ष भरना, 15 जुलाई मनोज पुत्र बिजेंद्र 25 वर्ष रझैटी, 16 जुलाई सुदेश पत्नी आदेश 55 वर्ष, हिम्मतपुर।

# नगर के एसएसवी इंटर कॉलेज ने रचा इतिहास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार के पहचान पोर्टल द्वारा जारी नवीनतम मूल्यांकन में नगर के दिल्ली रोड स्थित एसएसवी इंटर कालेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2026 में पूरे प्रदेश के 28529 विद्यालयों में 49वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं जनपद के 114 विद्यालयों में विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

- यूपी में 28529 कालेजों में 49 वॉ स्थान किया प्राप्त
- जिले में 114 कालेजों में प्रथम स्थान प्राप्त किया
- कालेज प्रबन्धक कमेटी,प्रधानाचार्य व शिक्षकों को दी बधाई








विद्यालय की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का श्रेय समर्पित शिक्षकों, कुशल प्रबंधन और छात्रों की कड़ी मेहनत को जाता है। पहचान पोर्टल पर शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी सुविधाओं, शिक्षण-प्रशिक्षण और समग्र विकास के मानकों पर किए गए मूल्यांकन में विद्यालय ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के प्रबंधक सुधीर कुमार अग्रवाल के दूरदर्शी और उच्च-कुशल प्रबंधन की विशेष सराहना की गई। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने आधुनिक संसाधनों और अनुशासन के साथ शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं।

प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने कहा कि सतत मेहनत,मार्गदर्शन और शिक्षकों के साथ समन्वय से ही यह सफलता मिली है। प्रधानाचार्य के निरंतर प्रयासों से ही विद्यालय प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है।

विद्यालय के सभी शिक्षकों के योगदान को अतुलनीय बताते हुए प्रबंधन ने कहा कि टीम भावना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प के कारण ही यह मुकाम हासिल हो पाया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र के अभिभावकों, शुभचिंतकों और समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सभी एसडीएम राजस्व वसूली में सुधार लाये: जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना की अध्यक्षता में कर-करेतर एवं राजस्व वसूली की बैठक में सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली की कम प्रगति में सुधार लाएं। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि जिन विभागों का लक्ष्य के सापेक्ष वसूली राजस्व कम है। उसमें सुधार कर प्रगति लाए। सभी अधिकारी दिए की लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार,अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी उप जिलाधिकारी,सभी पुलिस क्षेत्रअधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# 50 किग्रा. मिल्क क्रीम,1 50 किग्रा. पनीर नष्ट कराया : चन्द्रशेखर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त व जिलाधिकारी कविता मीना के निर्देश व सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के नेतृत्व गठित खादय सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए पनीर,मिश्रिम दूध,क्रीम,खोया सहित पांच नमूने भरकर जांच को भेजे। साथ ही मौके पर 50 किग्रा.मिल्क क्रीम,150 किग्रा.पनीर नष्टद्द कराया गया।

- खादय सुरक्षा अधिकारियों ने की छापामार कार्रवाई
- पनीर,मिश्रिम दूध,क्रीम,खोया सहित पांच नमूने भरकर जांच को भेजे





सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि विभाग के अधिकारियों की गठित टीम में पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,सोवेन्द्र सिंह पंघाल,विपिन कुमार सिंह,आर.पी.गुप्ता,सहरिश सादात, मोहित कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने ग्राम सदरपुर तहसील गढ़मुक्तेश्वर स्थित राधे श्याम डेयरी पर औचक छापा मारकर पनीर का एक नमूना,मिश्रित दूध के दो नमूने, क्रीम का एक नमूना, खोया का एक नमूना कुल 05 नमूने संग्रहित किये गये है। एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों मे भण्डारित मिल्क क्रीम लगभग 50 किग्रा अनुमानित कीमत रुपए 16000 रुपये और 150 किग्रा पनीर अनुमानित कीमत रुपए 45000 रुपए नष्ट कराया गया है। साथ ही प्रतिष्ठान में पायी गयी कमियों को दूर करने के लिए सुधार सूचना नोटिस जारी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा भरे गये नमूनों को जाँच के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही उक्त अभियान निरन्तर चलता रहेगा। जनपद में मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जायेगी।

**चर्चा तेज** | **धौलाना के राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज**

# दिग्विजय के आवास पहुंचे शिवपाल यादव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नेता जी के छोटे भाई एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव धौलाना विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं समाजवादी युवा कद्दावर नेता दिग्विजय शिशोदिया के आवास पर पहुंचे । इस दौरान उनका पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुलाकात के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा क्षेत्र के जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही किसानों, युवाओं, मजदूरों और आम जनता से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दिग्विजय शिशोदिया ने कहा कि शिवपाल सिंह यादव का मार्गदर्शन और आशीर्वाद उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के विकास तथा जनता के हितों के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर व्यापारी नेता राजकुमार शिशोदिया, पूर्व एडीओ राम अवतार शिशोदिया, धौलाना के पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष कुमार यादव, डा आदिल राणा, पंकज प्रधान आदि उपस्थित कार्यकताओं ने शिवपाल यादव का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की शपथ लेते हुए 2027 में प्रदेश में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया । वही शिवपाल यादव के दिग्विजय के आवास पर पहुंचने के बाद धौलाना की राजनीति का माहौल जहां गर्म हो गया वही चर्चा का एक दौर शुरू हो गया ।

**धौलाना विधानसभा से सपा के टिकट के प्रबल दावेदार है दिग्विजय शिशोदिया**



# सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जिले की रैंक में लाए सुधार:कविता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना सीएम डैशबोर्ड की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में जिन विभाग की प्रगति खराब रही उन पर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी कविता मीना ने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागो की रैंक सी0 डी0 की श्रेणी में है उनको निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए,जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो। आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व जिन विभागों की खराब रैंक प्राप्त हुई है,उसमें सुधार किया जाए।

**जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक**

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि शत प्रतिशत डाटा फीड करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा, उपजिलाधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि,जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग /विद्युत/ जल निगम / सिंचाई सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय


# भारत की भूमिका दर्शक भर की



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

नई दुनिया को परिभाषित करने वाली तकनीकों में अपना प्रतिमान बनाने की होड़ में भारत बहुत पीछे छूट गया है। नतीजतन अमेरिकी या चीनी प्रतिमानों में से किसी एक पर निर्भर होना हमारी नियति बन गई है। खबर है कि फेबल-5 और माइथोस-5 जैसे उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मॉडल्स तक विदेशियों की पहुंच रोकने के डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के आदेश के बाद भारत की बड़ी कंपनियां भी चीन के ऑपन सोर्स मॉडल वाले एआई एजेंट्स की सेवाएं ले रही हैं। सस्ता होने के कारण स्टार्ट-अप कंपनियों के बीच पहले से ही चीनी मॉडल लोकप्रिय हैं। स्पष्टतः यह रुझान हाई टेक क्षेत्र में हमारी निराशाजनक उपस्थिति का प्रमाण है। नई दुनिया जिन तकनीकों से परिभाषित होगी, उनमें भारत की मौजूदगी महज हेडलाइन और नैरेटिव निर्माण तक सीमित है। जबकि कड़वी हकीकत यह है कि उन तकनीकों में अपना मॉडल और प्रतिमान बनाने के लक्ष्य में भारत बहुत पीछे छूट गया है। ऐसे में अमेरिकी या चीनी प्रतिमानों में से किसी एक पर निर्भर होना हमारी नियति बन गई है। एआई के बाद अब क्वांटम कंप्यूटिंग में अमेरिका और चीन के बीच तीखी होड़ शुरू हो चुकी है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्वांटम कंप्यूटिंग को राष्ट्रीय रणनीतिक संपत्ति घोषित करने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। साथ ही अमेरिकी कंपनियों के लिए दो बिलियन डॉलर के विशेष पैकेज की घोषणा की। विशेषज्ञों के मुताबिक यह नए तकनीक युद्ध की शुरूआत है। अमेरिका का ध्यान विशेष रूप से क्वांटम वेफर उत्पादन और जीपीएस की जगह लेने वाले क्वांटम सेंसर्स के सैन्य इस्तेमाल पर केंद्रित है, ताकि भविष्य के युद्धों में सिग्नल जैमिंग जैसी चुनौतियों को बेअसर किया जा सके। मगर चीन इस बिसात पर पीछे नहीं है। उसने अपनी 15वीं पंचवर्षीय योजना (2026-2030) में क्वांटम तकनीक को भविष्य के छह प्रमुख उद्योगों में सबसे ऊपर रखा है। मार्केट रिसर्च कंपनी मैकिन्से के अनुमानों के अनुसार चीन का सार्वजनिक निवेश 15 बिलियन डॉलर से अधिक है, जो अमेरिकी सरकारी निवेश से लगभग दोगुना है। जहां अमेरिका निजी क्षेत्र के नवाचार और सेमीकंडक्टर प्रभुत्व पर भरोसा कर रहा है, वहीं चीन का दृष्टिकोण राज्य-नियोजित और रणनीतिक है। इस राह पर चलते हुए उसने इस क्षेत्र में आरंभिक बढ़त बना ली है। यही कथा रॉबोटिक्स और बायोटेक क्षेत्रों की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन सब में भारत की भूमिका दर्शक भर की रह गई है।

## आज का विचार




# चढ़ावे की हेराफेरी : पकड़े गए तो चोर, नहीं तो साधु समझो




राधा रमण

एक माह बीत जाने के बावजूद अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला ज्यों-ज्यों दवा की, मर्ज बढ़ता गया की मानिन्द लगातार उलझता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दी गई 15 दिनों की समयसीमा समाप्त हो गई। इस बीच उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को जांच पूरी करने की अवधि बढ़ाकर 15 जुलाई तक कर दी गई थी, हालांकि समयसीमा पूरी हो जाने के बाद भी खबर लिखे जाने तक एसआईटी ने अंतिम रिपोर्ट नहीं सौंपी है। आमतौर पर पहले एफआईआर कराई जाती है, फिर जरूरत पड़ने पर एसआईटी गठित की जाती है। लेकिन इस मामले में पहले एसआईटी का गठन किया गया, फिर उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज की गई। जबकि पकड़े गए लोगों से जून के पहले हफ्ते में यानि मामले का खुलासा होने के पहले ही नकदी की बरामदगी करा ली गई थी। यह बात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य भी मीडिया से बातचीत में बताते हैं। सवाल यह कि जांच चढ़ावा चोरी की पड़ताल के लिए हो रही है या मामले को उलझाने के लिए, क्योंकि जांच के दौरान ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस के कुछ नेता इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं, तो सत्ताधारी पक्ष के लोग और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्जिदों में घपले पर चुप रहने के लिए विपक्ष को कोस रहे हैं। मुद्दे की बात कोई नहीं करता। उत्तरप्रदेश में निकट भविष्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसलिए नेताओं में एक-दूसरे पर छींटाकशी का मौका बैठे-बिठाये मिल गया है। सताधारी जमात के कुछ नेता तो यहां तक कहते हैं कि चोरी हमारे अराध्य के मंदिर में हुई है और हम इसकी जांच करा रहे हैं। इसमें विपक्षी दलों को बोलने का कोई हक नहीं है। जांच के बाद जो कसूरवार पाये जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना तो चार हाथ आगे जाकर कह रहे हैं कि जिन्होंने श्रद्धापूर्वक दान नहीं दिया था, उन्हीं का पैसा चोरी हुआ है। जिन्होंने श्रद्धापूर्वक दान दिया है और दान का हिसाब नहीं मांग रहे हैं, उनका पैसा सुरक्षित है। पता नहीं महाना जी श्रद्धा मापक यंत्र कहां से खोज लाए हैं। मुझे कहने दीजिए कि यह उनका अहंकार बोल रहा है और अहंकार पतन का कारण बनता है। मंदिर, मस्जिद हो या गिरजाघर, यह किसी की जागीर नहीं होती। इसका निर्माण समाज के सहयोग से होता है। इसलिए समाज के किसी भी तबके को इसकी अव्यवस्था के खिलाफ बोलने और आवाज उठाने का उतना ही हक है। फिर अयोध्या का राममंदिर तो भगवान में आस्था रखनेवाले देश-विदेश के सनातनी लोगों के चंदे से बना है। इसमें दो राय नहीं होनी चाहिए कि इस कुकृत्य से आम जनमानस की आस्था को आघात लगा है।

इस बीच, 6 जुलाई को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। जो स्वीकार किया गया और मंदिर के प्रबंधक गोपाल राव को तत्काल प्रभाव से कार्य से विरत किया गया। ट्रस्टी कृष्णमोहन को ट्रस्ट का कार्यवाहक महासचिव बनाया गया।

बैठक के अगले दिन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निवर्तमान महासचिव चंपत राय ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने चढ़ावे की गिनती में गड़बड़ी का ठीकरा डॉ अनिल मिश्र और बैंक अधिकारियों सिर थोप दिया। अजीब लीपापोती चल रही है। कोषाध्यक्ष अपनी जवाबदेही नहीं मानते। वह इस्तीफा देने की बात पर भड़क जाते हैं। चंपत राय अपने को पाक-साफ और बेदाग बताते हैं। मंदिर के चढ़ावा गिनती वाले कक्ष की सीसीटीवी रिकार्ड 45 दिन से पहले का नहीं है और उन 45 दिनों में ही चोरी की 70 वारदातें सामने आ गई हैं। एसआईटी की गोपनीय रिपोर्ट जगजाहिर हो रही है। ट्रस्ट के अनुरोध पर गठित एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट ट्रस्ट के ही एक पदेन सदस्य उत्तरप्रदेश गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय प्रसाद को सौंप दी गई। आखिर चल क्या रहा है ? तभी तो अखिलेश यादव इसे फुनगी को फांसी, शाखाओं को माफी की संज्ञा देते हैं। उधर, चढ़ावा चोरी का आरोप लगाने वाले पूर्व विधायक पवन पाण्डेय कहते हैं कि -अपील भी तुम, दलील भी तुम, गवाह भी तुम, वकील भी तुम। जिसे भी चाहो हराम कह दो, जिसे भी चाहो हलाल कर दो ।। बहरहाल, श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ इसकी सुनवाई कर रही है।



जानकारी मिल रही है उसके मुताबिक ट्रस्ट के अधिकांश सदस्य महासचिव चंपत राय के इस्तीफे के पक्ष में नहीं थे। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविन्ददेव गिरि कहते हैं कि रामभक्तों की आस्था को ठेस पहुंची है। जो सोचा नहीं जा सकता था, वो काम हो गया। इससे ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को बहुत वेदना हुई है। जब तक न्याय ठीक से नहीं हो जाता, अपराधी पकड़े नहीं जाते, तब तक उनका ट्रस्ट में बने रहना उचित नहीं लगता। उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया है। कहने का तात्पर्य यह कि चढ़ावा चोरी की बात तो ट्रस्ट के लोग भी मानते हैं। नहीं मानते तो एसआईटी बनाने और एफआईआर कराने सामने नहीं आते। लेकिन जवाबदेही कोई नहीं लेना चाहता। यह तो भला हो ट्रस्टी के परासरण का जिन्होंने बैठक में ऑनलाइन जुड़कर स्क्रीन पर संविधान के कुछ पन्ने दिखाते हुए क्लॉज पढ़े। इससे सदस्यों को पता चला कि उनके पास स्वीकार करने या अस्वीकार करने के विचार के लिए ऑप्शन ही नहीं है। ये इस्तीफा देते ही स्वीकार हो गया है। इस तरह चंपत राय और डॉ अनिल मिश्र का इस्तीफा

अदालत ने उत्तरप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है। अदालत ने उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी से अब तक की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। साथ ही सरकार से कहा है कि एसआईटी के सदस्यों के बारे में भी बताए। सुप्रीम कोर्ट ने सीसीटीवी का रिकार्ड भी सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं, लेकिन रिकार्ड तो महज 45 दिन के ही हैं। चढ़ावे की चोरी कितने दिनों से चल रही है और अब तक कितना माल साफ हुआ, इसका पता कैसे चलेगा ? जांच कब तक चलेगी और दोषियों से कितनी रिकवरी होती है तथा उन्हें क्या सजा होती है, इस पर सबकी नजर है। मामले का निस्तारण जितनी जल्दी हो जाए, उतना ही अच्छा है, क्योंकि चुनावी वर्ष में यह चढ़ावा चोरी कहीं योगी आदित्यनाथ के गले की हड्डी न बन जाए। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ही भारत सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया था। अच्छा है अदालत ही दूध का दूध, पानी का पानी करे।

## 'सुंदर' 'अक्षर' वाली 'शुभमन' जीत

जीत के रंग में भी विनम्रता का श्रृंगार,
भारत ने रचा फिर गौरव का विस्तार।
बल्ले ने विश्वास की भाषा जबसे गाई,
गेंद ने भी वीरों की पहचान हैं दोहराई।

सुंदर ने संयम से जीत का दीप जलाया,
अक्षर ने हर मोर्चे पे "कमाल" दिखाया।
शुभमन के बल्ले ने उम्मीदें जैसे सँवारीं,
बुमराह की धार ने मुश्किलें सभी तारी।

हरेक चौका जैसे तिरंगे का सम्मान बना,
हर विकेट भारत की शान का गान बना।
"जज्बा, अनुशासन और साहस" के बिन,
मैदान में सिर्फ खेल ही नहीं था उस दिन।

जीत जो अहंकार नहीं, प्रेरणा बन जाए,
हरेक युवा के मन में नव विश्वास जगाए।
भारत यूँ ही खेल भावना का मान बढ़ाए,
विश्व पटल पे तिरंगा सदैव ऊँचा लहराए।



संजय एम तराणेकर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# धर्म ही जीवन का सच्चा आश्रय और शाश्वत सहारा

मनुष्य का जीवन दो संसारों के बीच निरंतर चलता है। एक वह संसार है जो हमारी आँखों से दिखाई देता है और दूसरा वह जो अदृश्य होते हुए भी हमारे अस्तित्व का वास्तविक आधार है। दृश्य संसार में शरीर, परिवार, धन, पद, प्रतिष्ठा और संबंध आते हैं, जबकि अदृश्य संसार में आत्मा, उसका धर्म और उसका शाश्वत स्वरूप विद्यमान है। सामान्यतः मनुष्य अपने जीवन का अधिकांश समय दृश्य संसार को ही सत्य मानकर बिताता है। वह शरीर को ही अपना वास्तविक अस्तित्व समझ लेता है और इसी कारण 'मैं' तथा 'मेरा' के मोह में उलझ जाता है। यही मोह संसार के समस्त बंधनों का मूल कारण बनता है।

'मैं' का भाव वास्तव में शरीर से जुड़ी हुई उपाधियों का भाव है। मनुष्य कहता है कि मैं अमुक जाति का हूँ, मैं स्त्री हूँ या पुरुष हूँ, मैं विद्वान हूँ, व्यापारी हूँ, अधिकारी हूँ या विद्यार्थी हूँ। ये सभी पहचानें शरीर से संबंधित हैं, आत्मा से नहीं। आत्मा न किसी जाति की है, न किसी पद की और न ही किसी बाहरी पहचान की। उसी प्रकार 'मेरा' का विस्तार परिवार, धन, संपत्ति, मित्र और समाज तक फैल जाता है। मनुष्य कहता है कि यह मेरा घर है, मेरा परिवार है, मेरी प्रतिष्ठा है और मेरी उपलब्धियाँ हैं। इसी 'मैं' और 'मेरा' के विस्तार को संसार कहा गया है। आत्मा इन सबसे परे है।

वह न किसी की मालिक है और न किसी की संपत्ति। मनुष्य के भीतर मस्तिष्क, हृदय और कर्म—ये तीनों प्रमुख शक्तियाँ कार्य करती हैं। मस्तिष्क में आश्रय का विचार रहता है, हृदय में अपनत्व का भाव और हाथों से कर्म संपन्न होते हैं। जब मनुष्य किसी व्यक्ति या वस्तु को अपना सहारा मान लेता है, तब उसका हृदय उसी के प्रति आसक्त हो जाता है और उसके सारे कर्म उसी आसक्ति के अनुसार चलने लगते हैं। यही कारण है कि मनुष्य धन, परिवार और संबंधों को जीवन का आधार मान बैठता है। जबकि धर्म का संदेश यह है कि कर्तव्य का पालन अवश्य करो, माता-



कांतिलाल मांडोत

पिता की सेवा करो, परिवार का पालन करो, समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाओ, किंतु उन्हें अपना अंतिम आश्रय मत मानो। क्योंकि संसार का प्रत्येक संबंध समय के साथ छूट जाने वाला है। धर्म त्याग का उपदेश अवश्य देता है, पर उसका अर्थ संसार से भाग जाना नहीं है। वास्तविक त्याग ममता का त्याग है, वस्तुओं का नहीं। शरीर को नष्ट कर देना त्याग नहीं है, बल्कि शरीर के प्रति अत्यधिक मोह छोड़ देना ही सच्चा त्याग है। शरीर ईश्वर अथवा प्रकृति द्वारा दिया गया एक साधन है, जिसका उपयोग आत्मकल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

यदि मनुष्य अपने पूरे जीवन का उद्देश्य केवल शरीर का सुख, सौंदर्य और सुविधा बना ले, तो वह अपने वास्तविक लक्ष्य से भटक जाता है। शरीर की रक्षा आवश्यक है, परंतु शरीर ही सब कुछ नहीं है। इसी सत्य को समझाने के लिए धर्मशाला का उदाहरण अत्यंत सार्थक है। जब कोई यात्री धर्मशाला में ठहरता है तो वह उसकी सफाई भी करता है, आवश्यक वस्तुएँ भी लगाता है और वहाँ व्यवस्थित ढंग से रहता भी है। फिर भी उसके मन में यह भाव बना रहता है कि यह स्थान स्थायी नहीं है, एक दिन इसे छोड़कर आगे बढ़ जाना है। इसलिए वह धर्मशाला से अधिक अपने साथ के सामान की रक्षा करता है। ठीक उसी प्रकार यह शरीर भी एक धर्मशाला है और आत्मा उस यात्री के समान है जिसे एक दिन इस शरीर को छोड़कर आगे बढ़ जाना है। इसलिए सबसे अधिक ध्यान आत्मा की शुद्धि और उन्नति पर होना चाहिए, न कि केवल शरीर और उसके विस्तार पर। इस विचार को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से अमरकुमार की कथा स्पष्ट करती है। निर्धन ब्राह्मण परिवार का वह बालक अपने माता-पिता की सेवा करता था और उन्हें ही अपना सबसे बड़ा सहारा मानता था। किंतु जब राजा श्रेणिक द्वारा नरबलि के लिए उसके बराबर सोना देने की घोषणा हुई, तब वही माता-पिता धन के लोभ में अपने पुत्र को बलि के लिए सौंपने को तैयार हो गए। जिस बालक ने अपने माता-पिता को अपना सबसे बड़ा रक्षक समझा था, वही उनके निर्णय से मृत्यु के मुख में पहुँच गया।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — परिवार में मुश्किल आ सकती है,मुश्किल हालातों से निपटना पड़ेगा,बच्चे का ट्यूशन घर में लगवा सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-59

**वृषभ** — धार्मिक किताब पढ़ना, स्कूल का होमवर्क, समाचारपत्र में लेखन, सरकारी परीक्षा के नोट्स बनाना करेंगे, व्यवसायिक पैसे के लेनदेन में मुश्किल आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-63

**मिथुन** — लंबित कार्यो को समय रहते निपटा ले,फर्जी कम्पनी में कार्य ना करें,सर्टिफिकेट देने से बचे,ओटीपी बताने में सावधानी बरतें, कुछ मीठा खाना चाहेंगे, पैसा मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-54

**कर्क** — ज्ञान के बलबूते लोगों पर अपनी छाप छोड़ेंगे,किसी का जीवन बदल सकते हैं, आयुर्वेदाचारय,परामर्शदाता, बीडीएस, फिजियोथेरेपी, चिकित्सक का कार्य चलेगा, उत्साह बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-79

**सिंह** — उच्च वर्ग के लोगों से मिलेंगे, कुछ विलंब से कार्य बनेगा, मकान का सौदा आए तो कर दे, संतान को समझाने में मतभेद बढ़ेगा, थोड़ा आराम करना बेहतर रहेगा। भाग्य प्रतिशत-55

**कन्या** — स्वास्थ्य लाभ मुश्किल से मिलेगा, कुछ सीखने में मुश्कि ल आएगी, टेक्नोलोजी, रिस्क कार्य में लगे रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**तुला** — नौकरी जैसे तैसे लगा जायेगी और सम्भल जाएगी, सात्विक भोजन करें तो बेहतर रहेगा, अंतजार्तीय प्रेम समबन्ध विवाह में बदल सकता है। भाग्य प्रतिशत-64

**वृश्चिक** — किसी परीक्षा में सफल रहेंगे, नई ज्वाइनिंग मिल सकती है, थोड़े पैसे निवेश के लिए भी रखें, मनमें किसी के लिए शुद्ध प्रेम रहेगा। भाग्य प्रतिशत-77

**धनु** — पुराने ग्रंथ पढ़ना,मंत्र पूजा साधना कर सकते हैं, जीवन साथी का मूड समझे, संतान उत्पति को लेकर कुछ ट्रीटमेंट ले सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-79

**मकर** — मन गहरी सोच में जाएगा, स्वास्थ्य को बनाने पर कार्य करें, शारीरिक मेहनत बढ़ेगी, दैनिक आय बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ** — अस्पताल पर खर्च बढ़ेगा, पितृ नाराज हो सकते हैं जिस कारण मुश्किल हो,अधिकारी से सही समबन्ध रखने में मुश्किल होगी, मन निर्मल रखें। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** — मन खुश रहेगा, पूजा पाठ, व्रत आदि भी शुरू कर सकते हैं, आय का साधन और अच्छा करेंगे मेहनत करेंगे,संतान को सुख प्राप्त होगा। भाग्य प्रतिशत-71



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# अजादारी ए हुसैन और हमारा दर्जा



कमर अब्बास सिरसिवी

उलेमा के बयानों में अक्सर सुना जाने वाला जुमला है- 'अजादारी ए हुसैन एक मुकम्मल दर्सगाह है।' इस जुमले की सच्चाई में कोई शक नहीं है लेकिन इस एक जुमले में पूरा फलसफा छुपा हुआ है जिस पर बहुत कम गौर किया गया है और हिन्दोस्तान की मौजूदा पीढ़ी ने तो इस फलसफे को तकरीबन भूला दिया है इसलिए इसकी याद दिहानी और वजाहत जरुरी महसूस हो रही है।


किसी भी दर्सगाह के निजाम की पहली ज़िम्मेदारी है कि दर्स हासिल करने वाले स्टूडेंट्स के दिमागी स्टेट्स और दर्स देने वाले टीचर्स की अहलियत के मुताबिक अलग-अलग दर्जात के स्लैब्स का इन्तेजाम और टीचर्स- स्टूडेंट्स की पेयरिंग करे जिसमें दर्स हासिल करने वाले की उम्र से ज्यादा उसकी दिमागी हैसियत के मुताबिक इल्म की हद और सिखाने के तरीके तय किये जाते हैं। एक दर्जे का इल्म कामयाबी के साथ हासिल करने के बाद स्टूडेंट अगले दर्जे का इल्म हासिल करते हुए प्री-प्राईमरी , प्राईमरी, मिडिल, सेकेंडरी , सीनियर सेकेंडरी, ग्रेजुएशन, मास्टर्स और डॉक्टरेट में कामयाबी हासिल करते हुए अमली ज़िन्दगी में कदम रखता है दुनिया भर में लाखों करोड़ों इल्मी इदारे इसी उसूल पर अलग-अलग सब्जेक्ट्स का इल्म अपने शागिर्दों को सिखा रहे हैं जिसमें हर स्टेज पर लोग कम होते जाते हैं। जो जहां ठहर जाता है उसका इल्मी और अमली दायरा अक्सर वही तक महदूद हो जाता है और यही उसूल अजादारी ए हुसैन की दर्सगाह में भी है। इस दर्सगाह में भले ही दुनियावी इदारों की तरह सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री नहीं मिलती है लेकिन इंसान की अमली ज़िन्दगी उसके दर्जे की खबर देती है ।प्राइमरी और मिडिल दर्जात तक टीचर्स अपने स्टूडेंट्स को अक्षरों और शब्दों से आशना कराते हुए आसपास की दुनिया से वाकि फ कराते हैं और ज़िन्दगी की बुनियादी सच्चाइयों को याद कराना ही तालीम के दायरे में रखते हैं जिसकी शुरूआत में नस्र (गद्य) से ज्यादा नज्म (कविता) का इस्तेमाल करके बातों को याद कराया जाता है लेकिन जैसे जैसे सेकेंडरी और हायर सेकंडरी के बड़े दर्जात में पहुंचते हैं वैसे वैसे नज्म को नस्र में बयान करना, दुनिया के अलग-अलग सब्जेक्ट्स के उसूलों को समझना, याद करना और उन पर तब्सिरा लिखते हुए उनको अपनी अमली ज़िन्दगी का हिस्सा बनाने की सीख हासिल करना तालीम के दायरे में शामिल हो जाता है। इसके बाद ग्रेजुएशन लेवल पर जाकर इल्म के कुछ खास सब्जेक्ट पर महारत हासिल करने की कोशिश की जाती है जो पोस्ट ग्रेजुएशन यानी मास्टर्स लेवल पर सिर्फ एक सब्जेक्ट को मुकम्मल समझने और बयान करने पर फोकस किया जाता है जिसके बाद उस सब्जेक्ट के किसी अनछुए या कम जाहिर पहलू को रिसर्च का टापिक बनाकर दुनिया के सामने नया नजरिया या छुपी हुई सच्चाई को सामने रखा जाता है। इस पूरे सिलसिले को अजादारी ए इमाम हुसैन की दर्सगाह से जोड़ कर, हमें ये समझने की कोशिश करनी चाहिए कि हमारे जरिए अंजाम पा रहे अजादारी के आमाल इस दर्सगाह के किस दर्जे को जाहिर करते हैं और अगले दर्जे तक पहुंचने के लिए हमें और किस अमल को अपनी ज़िन्दगी में शामिल करना चाहिए। नज्म और नस्र में अजादारी के उसूलों और मकसद को समझना, दोहराना और दूसरों के सामने बयान करना इस दर्सगाह का सिर्फ.एक पहलू है लेकिन उन उसूलों की बारीकियों को समझना, उनमें महारत हासिल करना, उन्हें अपनी अमली ज़िन्दगी में उतारना, उनके अनछुए और कम जाहिर पहलूओं पर गौर ओ फि क्र करके दुनिया के सामने रखना इस दर्सगाह का एक अलग और आला पहलू है। कौम के मौजूदा हालात की वुजूहात में से एक अहम वजह ये भी है कि इस दर्सगाह में अपने और दूसरे अफराद के दर्जों को समझे बगैर हम अहम मुद्दों पर तब्सिरा करने की गलती कर रहे हैं। शुरूआती दर्जात तक महदूद अफराद खुद को दुनियावी तौर पर मजबूत समझ कर आला दर्जात के अफराद पर सिर्फ.तब्सिरा ही नहीं कर रहे हैं बल्कि इल्जाम तक लगा रहें हैं और इसके बरअक्स एक बड़ी तादाद में ऐसे अफराद भी हैं जो सिर्फ.जुबानी जमाखर्च से खुद को बड़े दर्जात में शामिल जाहिर कर रहे हैं लेकिन उनकी अमली ज़िन्दगी में आला दर्जे के इल्म की निशानियां मौजूद नहीं है। कमइल्म और महदूद दायरे में रहने वाले अफराद को ऐसे खुदसाख़्ता आलिम जज्बाती बातों से मुतास्सिर कर अपने दुनियावी फायदों को हासिल कर रहे हैं। इसलिए जरुरत है कि हम सब अजादारी ए हुसैन की दर्सगाह में ना सिर्फ.अपने अमल के जरिए अपने दर्जे की हद को पहचान कर अगले दर्जे की तालीम हासिल करने की कोशिश करें बल्कि दूसरे अफराद के दर्जों को भी उनकी बातों से ज्यादा उनके अमल की बुनियाद पर पहचानें और उन्हें अपने से आला पाने पर उनसे दर्स का बेहतर तरीका समझ कर इस मिशन को आगे बढ़ाने में मददगार होने की कोशिश करें ।

# अघोषित बिजली कटौती से बेहाल हुए क्षेत्रवासी, उमस भरी गर्मी में बढ़ी लोगों की मुश्किलें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भीषण गर्मी और बढ़ती उमस के बीच मोदीनगर क्षेत्र में जारी अघोषित विद्युत कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन और रात में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटने से लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार बेगमाबाद, बुदाना, सौंदा रोड,




कस्बा रोड, गुरुद्वारा रोड, सत्य नगर, आदर्श नगर, हापुड़ रोड, तिबड़ा रोड, निवाड़ी रोड, मुल्तानी पूरा, बिसोखर, विजयनगर, संतपुरा, सीकरी रोड, कृष्ण कुंज सहित अनेक मोहल्लों और कॉलोनियों में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति प्रभावित है। कहीं अघोषित कटौती तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार बिजली आने-जाने से घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों, छोटे उद्योगों और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी रात के समय हो रही है, जब उमस के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगातार ट्रिपिंग और कटौती के कारण इनवर्टर भी पूरी तरह चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। बिजली आने की अवधि इतनी कम होती है कि बैटरी पर्याप्त चार्ज नहीं हो पाती और बिजली जाते ही कुछ समय बाद इनवर्टर भी जवाब दे देते हैं। इसके चलते लोगों को लंबे समय तक अंधेरे और गर्मी में रहना पड़ रहा है। बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

समस्या के समाधान के लिए लोग सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। इसके अलावा अनेक उपभोक्ता विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नजर नहीं आ रहा है। क्षेत्रवासियों ने विभाग से नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लो वोल्टेज और अघोषित कटौती की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

**विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्रामीण : डॉ बबली गुर्जर**

भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर ने आरोप लगाया कि देहात क्षेत्र में विद्युत बदहाली विभागीय अव्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कलछीनाझ्झजलालाबाद मार्ग पर पिछले एक माह में करीब दो दर्जन खंभों से तार चोरी हो चुके हैं। उनका आरोप है कि इतनी बड़ी चोरियां बिना अंदरूनी मिलीभगत के संभव नहीं प्रतीत होतीं। उन्होंने इन घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि हाल ही में आई आंधी में जहांगीरपुरझ्झनंगला बेर मार्ग पर कई विद्युत लाइनें तथा एक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया था। टूटे हुए तार कई दिनों तक मार्ग पर पड़े रहे, लेकिन विभाग ने समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ा। इसके अलावा उन्होंने बिना जानकारी दिए हजारों उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाए जाने पर भी आपत्ति जताई तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार और जवाबदेही तय करने की मांग की।

# सीएससी की 17वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की स्थापना के 17 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को मुरादनगर ब्लॉक परिसर स्थित आधार सेवा केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख डॉ राजीव त्यागी ने केक काटकर किया। यह जानकारी सीएससी के जिला समन्वयक सीकरी खुर्द निवासी अभिषेक कुमार ने देते हुए बताया कि संस्था की वर्षगांठ के अवसर पर प्रतिवर्ष जनपद के किसी सरकारी परिसर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक परिसर मुरादनगर स्थित आधार सेवा केंद्र पर सीएससी के माध्यम से निर्धारित सरकारी शुल्क पर आधार कार्ड




पंजीकरण और संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिल रहा है। अभिषेक कुमार ने बताया कि इस अवसर पर मौजूद ब्लॉक प्रमुख डॉ राजीव त्यागी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कॉमन सर्विस सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को सरकारी सुविधाएं घर के नजदीक उपलब्ध हो रही हैं। कार्यक्रम के दौरान सीएससी की सेवाओं और डिजिटल सशक्तिकरण में उसकी भूमिका पर भी चर्चा की गई। उपस्थित जनों ने संस्था के 17 वर्षों के सफर और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीएससी जोनल प्रबंधक श्वेत पंवार, मोहित त्यागी, नितिन चौहान, साहिल अंसारी, अब्दुल गनी, विपिन त्यागी, अंकुश कर्दम, राशि, तौसिफ सहित अनेक जन सेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

# संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता की गोली मारकर की हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** थाना क्षेत्र के गांव बुदाना में एक सनसनीखेज घटना में बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या क दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। जबकि पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और संपत्ति को लेकर चल रहे तनाव को घटना का कारण माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार बुदाना निवासी करीब 55 वर्षीय हरिओम नेहरा और उनके 32 वर्षीय पुत्र निखिल नेहरा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर निखिल ने पिता पर ताबड़तोड़ केशई गोलियां चला दीं। गोली लगने से हरिओम गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां



मृतक हरिओम नहरा (फाइल फटो) आरोपी निखिल नेहरा

चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी निखिल नशे का आदी बताया जाता है और परिवार में आए दिन विवाद होता रहता था। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से संपत्ति को लेकर तनाव चल रहा था। बताया जाता है कि हरिओम नेहरा के नाम करीब 75 बीघा कृषि भूमि तथा दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक व्यावसायिक मार्केट सहित करोड़ों रुपये की संपत्ति है। हालांकि पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों को लेकर अभी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

# बिटौड़े जलने के मामले में मुआवजे की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** हाईटेंशन विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण जले बिटौड़ों के मुआवजे की मांग को लेकरक्षगांव रोरी के ग्रामीणों ने गुरुवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।



ग्राम प्रधान पूनम देवी के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहरी क्षेत्र में पशुपालन और मजदूरी से जीवनयापन करने वाले परिवारों ने ईंधन एवं आजीविका के लिए उपलों के बिटौड़े तैयार कर रखे थे। उनका आरोप है कि गत 8 जून को हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण इन बिटौड़ों में आग लग गई थी। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक करीब 20 बिटौड़े जलकर राख हो चुके थे। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद प्रभावित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि आग की घटना के दो दिन बाद ही मुआवजे की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन सवा माह बीतने के बावजूद कोई सहायता नहीं मिल सकी है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों को आर्थिक राहत उपलब्ध कराने की मांग की। उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र मुआवजा नहीं दिया गया तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान पूनम देवी, जगवती, गुड्डी, कमलेश, ओमवती, किरण, सरोज, सुनीता और संगीता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसआरएम में स्टाफ वेलफेयर डे पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली-एनसीआर परिसर में स्टाफ वेलफेयर डे-2026 का भव्य आयोजन ईश्वरी ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के योगदान का सम्मान करना तथा कर्मचारी कल्याण और संस्थागत उत्कृष्टता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत ने नई शुरूआत, नए अवसर विषय पर संबोधित करते हुए नवाचार, सकारात्मक सोच और सामूहिक विकास पर बल दिया। डीन डॉ आरपी महापात्र ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कर्मचारी होते हैं। निदेशक डॉ एस विश्वनाथन ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए विश्वास, सहयोग और




सहभागिता को संस्थागत प्रगति का आधार बताया।

इसके बाद केक कटिंग समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सपोर्ट अ कॉज, चेंज अ लाइफ पहल के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी दिया गया। ट्रॉफीज फॉर ट्रायम्फ समारोह में खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हाफ मैराथन विजेता यादवेन्द्र वशिष्ठ को 21 हजार रुपये का पुरस्कार, ट्रॉफी और सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अंत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ रुपाली सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, तेजाब पिलाने का आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने और बाद में उसे कथित रूप से तेजाब पिलाने के मामले में मोदीनगर पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी की बहन की तलाश जारी है। जिसके लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।



पुलिस के अनुसार मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी महिला की फेसबुक के माध्यम से मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव रावली कलां निवासी अमित चौधरी से पहचान हुई थी। आरोप है कि आरोपी ने विवाह का झांसा देकर महिला के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह महिला को बुलंदशहर स्थित अपनी बहन के पास ले गया। जहां उसे कथित रूप से तेजाब पिला दिया गया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल महिला को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान आरोपी फरार हो गए। स्वास्थ्य में सुधार होने पर पीड़िता ने मोदीनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में मुकदमा दर्ज होने में हुई देरी को लेकर पीड़िता ने कई बार एसीपी कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि करीब एक माह पूर्व मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। गुरुवार को मुख्य आरोपी अमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में नामजद आरोपी की बहन की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है।

# पं सुनील शर्मा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा ने मोदीनगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है। और मांग पत्र के जरिए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मुरादनगर दौरे के दौरान कांग्रेस के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने की मांग की है।

सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर उनके समाधान की मांग करेगा। इनमें मोदीनगर में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू



सुनील शर्मा

कराए जाने, दलितों पर हो रहे अत्याचारों पर प्रभावी कार्रवाई, क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था में सुधार, गन्ना किसानों के बकाया भुगतान तथा गांधी ग्राउंड में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल हैं। सुनील शर्मा का कहना है कि क्षेत्र की अनेक समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। जिनके समाधान के लिए शासन स्तर पर हस्तक्षेप आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष इन मुद्दों को रखकर जनहित में ठोस कार्रवाई की मांग की जाएगी। सुनील शर्मा ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री से मुलाकात का अवसर मिलने पर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडल में सुनील शर्मा, बृजेश कुमार सैन, चांदवीर चौधरी, राकेश सोनी, श्रीओम शर्मा, प्रकाशचंद्र शर्मा, सुनील कटारिया, बबीता चौधरी, अश्वनी शर्मा, आरिफ रिजवी और कल्पना सिंह शामिल हैं।

# जीबी पंत अस्पताल में दवा खरीद पर बड़ा सवाल, रिकॉर्ड में करोड़ों की खरीद, स्टोर से दवाएं गायब!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राजधानी के गोविंद बल्लभ पंत (जीबी पंत) अस्पताल में दवाओं और मेडिकल उपकरणों की खरीद को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की जांच में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें खरीद का रिकॉर्ड तो मौजूद है, लेकिन संबंधित दवाएं अस्पताल के स्टोर में नहीं मिलीं। इससे खरीद प्रक्रिया और स्टॉक प्रबंधन पर संदेह गहरा गया है। जांच एजेंसी अब यह पता लगाने में जुटी है कि जिन दवाओं की खरीद दिखाई गई, वे वास्तव में अस्पताल तक पहुंचीं या

**एसीबी की जांच तेज, खरीद, स्टॉक और वितरण रिकॉर्ड की हो रही पड़ताल, दस्तावेजों में गड़बड़ी मिलने पर एफआईआर की तैयारी**




नहीं। यदि दवाएं स्टोर में आई थीं, तो उन्हें कब प्राप्त किया गया, किस विभाग या वार्ड को जारी किया गया, किन मरीजों के उपचार में उनका उपयोग हुआ और उसका पूरा रिकॉर्ड कहां है। यदि इन सवालों के जवाब और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो एसीबी इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, मामला 15 करोड़ रुपये से अधिक की कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। जांच का मुख्य फोकस दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच लगभग 75 दिनों में हुई खरीद पर है। रिकॉर्ड के अनुसार इस अवधि में करीब 63.30 लाख रुपये की दवाएं और मेडिकल सामग्री खरीदी गई, जबकि कुछ ही दिनों में 27 लाख रुपये से अधिक के बिल जारी किए गए। आरोप है कि कई खरीद निर्धारित प्रक्रिया और टेंडर नियमों का पालन किए बिना स्थानीय स्तर पर ऊंची कीमतों पर की गईं। एसीबी ने वर्ष 2024 से 2026 तक की सभी खरीद से संबंधित फाइलें, बिल, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और अन्य दस्तावेज तलब किए हैं। इंस्पेक्टर पवन कुमार द्वारा अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी कर पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जांच टीम अस्पताल के केंद्रीय स्टोर, गोदाम और अन्य स्टोरों का भौतिक सत्यापन कर खरीद रिकॉर्ड का उपलब्ध स्टॉक से मिलान कर रही है। जांच के दायरे में अस्पताल के कुछ वरिष्ठ चिकित्सक और प्रशासनिक अधिकारी भी बताए जा रहे हैं। साथ ही अस्पताल की कैंटीन का ठेका वर्षों से बिना नए टेंडर के संचालित होने के मामले की भी जांच की जा रही है। एसीबी यह भी पता लगा रही है कि खरीदी गई दवाएं और मेडिकल सामग्री अस्पताल में उपयोग हुईं या फिर उन्हें कहीं और भेज दिया गया। जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**संकट** दिल्ली के ब्रह्मपुरी में पिछले दो साल से गहराया जल संकट अब गंभीर हो गया है

# जहां पहले दूषित पानी आता था और अब करीब दो महीने से आपूर्ति पूरी तरह ठप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राजधानी पूर्वी दिल्ली देश की राजधानी दिल्ली में एक ऐसा इलाका भी है, जहां लोग पिछले दो वर्षों से पानी की समस्या झेलने को मजबूर हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के

**ब्रह्मपुरी इलाके की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित,पहले गंदा पानी, अब करीब दो महीने से आपूर्ति पूरी तरह बंद**

ब्रह्मपुरी स्थित पी-16, गली नंबर-17 और आसपास के इलाके में पहले गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति होती रही, जबकि पिछले करीब दो महीने से नलों में पानी आना पूरी तरह बंद हो गया है। हालात ऐसे हैं कि सैकड़ों परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए टैंकरों और दूसरे इलाकों से पानी लाने पर निर्भर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, अगस्त 2024 में सीवर लाइन की खुदाई के बाद से इलाके की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई। इसके बाद लंबे समय तक घरों में गंदा और बदबूदार पानी आता रहा। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि मई 2026 से जलापूर्ति पूरी तरह बंद हो गई, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। निवासियों का आरोप है कि दिल्ली जल बोर्ड में कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार




अधिकारी निरीक्षण कर केवल आश्वासन देकर लौट गए। कभी तकनीकी खराबी तो कभी कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर मामला टाल दिया गया। कई बार पाइपलाइन बदलने का भरोसा भी दिया गया, लेकिन आज तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। लोगों का यह भी आरोप है कि कई शिकायतों का बिना समाधान किए ही निस्तारण दिखा दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र के विधायक जुबैर अहमद, उनके प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से भी कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि जल बोर्ड के कई अधिकारी अब फोन तक नहीं उठाते, जिससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। ऊखइ का दावा एक साल में बढ़ी पानी के टैंकरों की संख्या, 82 हजार से ज्यादा अतिरिक्त फेरे लगे जल संकट का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। नियमित और स्वच्छ पेयजल नहीं मिलने के कारण कई परिवार मजबूरी में असुरक्षित पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि इलाके में पेट संबंधी बीमारियों और संक्रमण की शिकायतें भी बढ़ी हैं। निवासियों ने मांग की है कि क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को बदला जाए और नियमित पेयजल आपूर्ति जल्द बहाल की जाए। उनका कहना है कि दो वर्षों से लंबित इस समस्या का स्थायी समाधान अब और अधिक नहीं टाला जाना चाहिए।

# विधानसभा चुनाव को लेकर मीडिया, सोशल मीडिया सहित विगत विधानसभा चुनाव 2022 के प्रत्याशियों की बैठक सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम पूर्व मंत्री ने आज अपने दौरे के दूसरे दिन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली बैठकों के तहत प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के कर्मचारियों के साथ बैठक कर मनोबल बढ़ाया और पूरी ताकत के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**विधानसभा चुनाव 2027 में परिस्थितियां विगत चुनाव की तुलना में अनुकूल है, कांग्रेस पार्टी उ0प्र0 में भारी विजय हासिल करेगी और बनाएगी सरकारः राजेन्द्र पाल गौतम**

तदुपरान्त मीडिया विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके वर्तमान परिवेश में जो सामाजिक और राजनीतिक घटनाक्रम हैं उसको लेकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष को मीडिया में मजबूती के साथ रखने, तथ्यों सहित भाजपा के झूठ को उजागर करने सहित सभी जनहित के मुद्दों को बेबाकी के साथ मीडिया में प्रचारित-प्रसारित करने के लिए आवाहन किया। उन्होने कहा कि सरकार के इशारे पर समाज में फैलाये जाने वाले भ्रम को भी दूर करते हुए पार्टी की मंशा को जन-जन तक पहुंचाना है।

इसके उपरान्त प्रभारी जी ने उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। उन्होने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पार्टी की आवाज को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बताया। इसके उपरान्त विगत उ0प्र0 विधानसभा चुनाव 2022 के कांग्रेस प्रत्याशियों के साथ बैठक किया।




प्रदेश प्रभारी ने विगत 2022 के कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने देश को हर क्षेत्र में सम्पन्न बनाने का काम किया। चाहे वह अन्न के क्षेत्र में हरित क्रान्ति लाकर, शिक्षा के क्षेत्र में तमाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों की स्थापना करके, सामरिक एवं आर्थिक क्षेत्र में देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। कांग्रेस के शासन में हर वर्ग के गरीब बच्चों को शिक्षा मिल रही थी और नौकरियां मिल रही थी। कांग्रेस पार्टी का देश को विश्व पटल पर स्थापित करने का एक विजन था। कांग्रेस पार्टी ने देश को विश्व में ख्याति दिलायी। आज भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। सरकार छात्रों से शिक्षा छीनने का काम रही है। बेरोजगार युवाओं को नौकरियां नहीं हैं। यह सरकार शिक्षा और शिक्षण संस्थान की विरोधी है। सरकारी शिक्षण संस्थानों को बंद करके निजी शिक्षण संस्थानों को बढ़ावा दिया जा रहा है। गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग के लोग अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं। धर्म के नाम पर भाजपा वोट लेती है। यह सांसद चुराते हैं, विधायक चुराते हैं और वोट चुराते हैं अब तो यह पार्टियों और सरकार को चुरा रहे हैं। राम के नाम पर वोट मांगकर और फिर राम मंदिर के निर्माण के नाम पर चन्दा चोरी, चढ़ावा चोरी से इनकी असलियत खुल गयी है।

उन्होने कहा कि आप लोग पिछले चुनाव में जिस माहौल में चुनाव लड़े वह विपरीत परिस्थितियां थीं लेकिन आज परिस्थितियां अनुकूल हैं। आप अपना मन बनाइये, क्योंकि कहा गया है कि मन के जीते जीत है मन के हारे हार, इसलिए आप लोग पूरी ताकत और मन के साथ क्षेत्र में जुटिए, जनता के बीच जाइये। उन्होने कहा कि हमें क्षेत्र मजबूत करना है चुनाव चाहे आप लड़ें या पार्टी का दूसरा व्यक्ति लड़े, जीत सुनिश्चित करनी है।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि : 75 जिलों के 10,283 युवाओं को मिला रोजगार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में विश्व युवा कौशल दिवस (15 जुलाई) के अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM), DDU-GKY और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 जुलाई तक तीन दिवसीय राज्यव्यापी रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया।

**हुनर से मिल रहा रोजगार और सम्मान : मंत्री कपिल देव अग्रवाल**

इस महा-अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों के युवाओं को शामिल किया गया।

देश-विदेश की कुल 830 प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सेदारी की, जिसके माध्यम से कुल 10,283 योग्य अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए अंतिम चयन किया गया।

इस उपलब्धि पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। आज प्रदेश का युवा हुनर से रोजगार और स्वरोजगार पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्किल इंडिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन के तहत ह्यसबको हुनर, सबको काम के संकल्प को नई गति दी गई है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में 20 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर 12.50 लाख को रोजगार दिलाया गया है। टाटा समूह के साथ 7000 करोड़ का उरफ टङ्खव, 225







आईटीआई का अपग्रेडेशन, अक् रोबोटिक्स, ड्रोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसे फ्यूचरिस्टिक कोर्स और ब्लू डॉट सॉफ्टवेयर जैसी पहल से युवाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ा जा रहा है।

**तीन चरणों में चला रोजगार का महा-अभियान**

पहला चरण (13 जुलाई) : अभियान के पहले दिन प्रदेश के 9 जिलों - सम्भल, गोंडा, सुल्तानपुर, मऊ, फरुर्खाबाद, औरैया, उन्नाव, चंदौली और देवरिया में रोजगार मेले आयोजित हुए। इसमें 107 प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया और कुल 1,071 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। पहले दिन देवरिया में जबरदस्त उत्साह देखा गया, जहाँ रिकॉर्ड 303 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

दूसरा चरण (14 जुलाई) : 14 जुलाई को व्यापक स्तर पर अभियान चला। प्रदेश के 63 जिलों में एक साथ मेले आयोजित हुए। इस एक दिन में 689 बड़ी कंपनियों ने शिरकत की और रिकॉर्ड 8,912 अभ्यर्थियों को नौकरी मिली। इस चरण में प्रयागराज पूरे प्रदेश में शीर्ष पर रहा, जहाँ अकेले 22 कंपनियों ने 1,185 युवाओं का चयन किया। इसके साथ ही वाराणसी में 674 और गोरखपुर में 317 युवाओं को रोजगार मिला।

# जन कल्याण सेवा समिति ने कन्या विवाह में बढ़ाया सहयोग का हाथ, जरूरत का सामान व नकद राशि भेंट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** जन कल्याण सेवा समिति, चन्दौसी की ओर से




एक जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग करते हुए सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की गई। समिति की सदस्याएं बड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुईं और विवाह के लिए आवश्यक घरेलू व उपयोगी सामान के साथ 2100 की नकद धनराशि भेंट की।

समिति की ओर से कन्या को साड़ी, सूट, पैंट-शर्ट, एक बेडशीट, मेकअप बॉक्स में श्रृंगार सामग्री, चूड़ियां, पाजेब, घरेलू उपयोग के बर्तन तथा अन्य उपहार सामग्री प्रदान की गई। समिति की ओर से बताया गया कि कन्याओं के विवाह में सहयोग की इस मुहिम के तहत अब तक 30 कन्याओं के विवाह में सहयोग किया जा चुका है। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा गोस्वामी, रेखा रस्तोगी, अलका अंशु वार्ष्णेय, दया वार्ष्णेय, सारिका, कांता अदलखा, अनामिका, रुचि, पूर्णिमा, पूनम वार्ष्णेय, रचना वार्ष्णेय सहित अन्य सदस्याओं ने सहयोग एवं सहभागिता निभाई। समिति की सदस्याओं ने भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए इसी तरह सामाजिक कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# मा0 राज्य सूचना आयुक्त 18 जुलाई को करेंगे समीक्षा बैठक, प्रेस वार्ता एवं निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर ।** उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग के मा0 राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम आगामी 18 जुलाई (शनिवार) को जनपद गौतमबुद्ध नगर के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय राज्य सूचना आयुक्त अपराह्न 3:00 बजे गौतमबुद्ध तकनीकी विश्वविद्यालय (जीबीटीयू) के गेस्ट हाउस में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा जीबीटीयू से संबंधित जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जनपद में लंबित सूचना आवेदन पत्रों तथा उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग में लंबित द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक करेंगे।

इसके उपरांत माननीय राज्य सूचना आयुक्त अपराह्न 4:00 बजे मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता करेंगे। प्रेस वार्ता के उपरांत माननीय राज्य सूचना



आयुक्त द्वारा जनपद की किसी एक तहसील तथा पुलिस आयुक्त कार्यालय के जन सूचना प्रकोष्ठ का निरीक्षण भी प्रस्तावित है।

## प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद आलाधिकारी बार बार कर रहे निरीक्षण

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादनगर दौरे की तैयारियां तेज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनवारण करने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मुरादनगर आएंगे। रावली रोड स्थित कुशलपाल तेजपाल त्यागी (के.पी.टी.)डिग्री कॉलेज परिसर में पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनवारण को लेकर जिलाधिकारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कार्यक्रमस्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक अजीतपाल त्यागी ने बताया कि 17 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रावली रोड स्थित कुशलपाल तेजपाल त्यागी डिग्री कॉलेज परिसर में होने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आएंगे। प्रतिमा का अनावरण करने के बाद वह एक सभा को भी सम्बोधित करेंगे। सभा को सफल बनाने के लिए पूरे जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी एसीपी मसूरी सुनील कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी सभास्थल पहुंचे और तैयारियों को जायजा लिया। इनके अलावा और विभागों के अधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। सभा स्थल पर रात दिन कार्य चल रहा है।






# संभल में किन्नर को मिल रही धमकियां

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लायबा नूर)।** थाना हजरत नगर गाढ़ी में शिकायत दर्ज कराने के बाद पीड़िता को मिल रही धमकियों का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने एक ओर शिकयती पत्र थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस को देकर कार्यवाही की माँग की है पीड़िता बबली किन्नर गुरु मुन्नी किन्नर निवासी मो करबला महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद ने बीती एक जुलाई.2026 को आरोपी मुमताज उर्फ युनूस किन्नर,मोहिनी किन्नर व सलीम के नाम के नाम एक शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग थी जिस पर पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी जिसकी जानकारी जब आरोपी पक्ष के मुमताज उर्फ युनूस किन्नर को लगी तो वह आग बबूला हो गया आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता के ग्रुप में ऑडियों डालकर पीड़िता को गन्द-गन्दी गालियां व जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। साथ ही पीड़िता का आरोप है कि वह थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस पर भी रुपये लेकर झूठा मुकदमा दर्ज करने व देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी अपशब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप लगाकर ऑडियो ग्रुप में डालने की शिकायत की है। पीड़िता का कहना है कि उसकी इन सब हरकतों के कारण पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है पीडिता ने इन सब की ऑडियों रिकॉडिंगें को अपने पास साक्ष्य बतौर मौजूद होने की बात कहते हुए कहा कि आरोपी उस पर कई बार जानलेवा हमला भी कर चुका है।आरोपियों पर थाना हजरतनगर गढ़ी में मुमताज किन्नर,मोहिनी व सलीम पर दिनांक बीते वर्ष 2024 को 24.अप्रैल को मु0अ0सं0-96/24 दर्ज है। व और अन्य थानों में भी मुमताज किन्नर पे मर्डर व अन्य मुकदमें भी दर्ज हैं। इसी के साथ पीड़िता ने आरोपी पर हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम बराई में जाकर मुमताज किन्नर पर झूठी अफबाह फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा की बबली किन्नर का एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई है। अब जो भी बधाई है मुझे देना। जिस कारण पीड़िता का मानसिक व शरीरिक शोषण भी किये जाने की बात कह कहते हुए आरोपीयो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की हैं।



# डी0एस0एम शुगर ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइटों का वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**राजपुरा (लल्ला सलमानी)।** ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएसएम शुगर राजपुरा द्वारा विभिन्न गांवों में सोलर लाइटों का वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान यूनिट हेड उपेन्द्र तोमर ने ग्राम देवपुरा, सेमरी, सत्संग भवन देवरा भूरा, इसमपुर डांडा, दिनोरा, गुन्नौर हीरापुर, मंडावली, मिट्ठनपुर, फाबरु, सिंघौली पूर्वी एवं जिंजौडा डांडा से आये प्रतिनिधियों को सोलर लाइटें वितरित कीं इस अवसर पर भूशंकर गुप्ता,चेयरमैन,देव प्रकाश,सचिव, गन्ना समिति राजपुरा एवं गन्ना समिति के संचालक मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे इस अवसर पर उपेन्द्र तोमर ने कहा कि डीएसएम शुगर राजपुरा किसानों एवं ग्रामीण समुदाय के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है सार्वजनिक स्थलों पर सोलर लाइटें स्थापित होने से ग्रामीणों को रात्रि के समय बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी तथा सुरक्षा और सुविधा में भी वृद्धि होगी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने डीएसएम शुगर रजपुरा की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।




# प्रधानाचार्यों ने एमएलसी श्री चंद्र शर्मा को मांग पत्र सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी. वर्मा)।** तदर्थ प्रधानाचार्य परिषद उत्तर प्रदेश के आवाहन पर गौतम बुद्ध नगर जिले के तदर्थ प्रधानाचार्यों ने अपनी मांगों से अवगत कराते हुए प्रदेश के



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम प्रधानाचार्य मुकुट सिंह की अध्यक्षता में एमएलसी श्री चंद शर्मा फिर मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। प्रधानाचार्ययों के प्रतिनिधि मंडल में

प्रधानाचार्य कर्मवीर सिंह, कुलभूषण शर्मा, भरत सिंह, आदि शामिल थे, एमएलसी श्री चंद शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को उनका ज्ञापन व उनकी बातों को माननीय मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिया है।

# कांग्रेस ने पिछले सालों में देश के सभी धर्मों के लोगों का भरोसा और विश्वास जीता है : डॉ. मेराज हुसैन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी) ।** कांग्रेस के वरिठ नेता और सेंसर बोर्ड ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य डॉ. मेराज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले सालों में देश के सभी धर्मों के लोगों का भरोसा और विश्वास जीता है, जिसकी वजह से देश के हर प्रांत में कांग्रेस की सेवाओं को याद किया जा रहा है और इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। श्री हुसैन आज अपने घर पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जिस जिम्मेदारी के साथ देश के लोगों की समस्याओं और युवाओं की समस्याओं को उठाया है, उससे युवाओं में ऊर्जा पैदा हुई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के नए चुने गए प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने जिस समझदारी के साथ कांग्रेस पार्टी को देश भर में लोगों की पार्टी बनाने की मुहिम शुरू की है, उससे लोगों के दिलों में कांग्रेस के लिए एक सॉफ्ट कॉर्नर बना है। डॉ. मेराज ने कहा कि हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनकी लंबी मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस हिंदू, मुस्लिम, दलित और पिछड़े सभी वर्गों की पार्टी है। यह चुनाव पार्टी सभी को साथ मिलकर लड़ेंगे ताकि सांप्रदायिक ताकतों को हराकर जनता की भलाई की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे अपने समाज में एकता, आम सहमति और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें और अपनी राजनीतिक चेतना जागरूक करें और देश के विकास और खुशहाली के लिए काम करें और आपसी एकजुटता पर ध्यान दें।



एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमरोहा और दूसरे जिलों से कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनने की प्रक्रिया अगस्त के आखिरी हफ्ते में शुरू हो जाएगी ।जहां तक किसी राजनीतिक पार्टी के साथ तालमेल की बात है, तो जल्द ही तस्वीर साफ हो जाएगी कि पार्टी सूबे में किसी भी पार्टी के साथ हाथ मिलाकर चुनाव लड़ेगी।उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी आदेश देगी, उसका पालन करेंगे और मुरादाबाद मंडल में पार्टी को और मजबूत करने की पूरी कोशिश करेंगे ।

## महफिल — रात-भर चलता रहा नात और मकबत का दौर, कुल शरीफ में हुई दुआ

# वारिस-ए-पाक के उर्स ए मुबारक पर सजी 29वीं शरीफ की महफिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लायबा नूर) ।** सरकार आलम पनाह वारिस-ए-पाक के 125 वा उर्स 29 वीं शरीफ के शक्ल में शानो शौकत के साथ मण्डी किशन दास सराय स्थित अंजुमने वारसिया चिश्तीया कादरिया में उर्स मुबारक सरकार वारिस पाक रह० मनाया गया इस अवसर पर महफिले जिक्रे रसूल,मजलिस शौहदाये कर्बला एवं तजकरा.ए. वारिस पाक किया गया महफिले मिलाद हाफिज मुशाहिद हुसैन एवं उनकी पार्टी ने फरमाई मौ० हारून व उनकी पार्टी ने मजलिस शौहदाये कर्बला यानी जिक्रे हुसैन किया तनवीर सम्भली एवं उनकी पार्टी ने आले हुसैन अलेह सलाम का जिक्र किया अपने-अपने समय अनुसार बुजुर्ग-गाने सिलसिला के कुल की रस्म अदा की गई। इसके साथ महफिले मुशायरा एवं तकरीर का दौर चला सलमान सम्भली, माजिद सम्भली, नौशाद सम्भली आदि ने अपने कलाम पेश किए। इस मौके पर खिताब के लिए आए जनाब हाफिज शाह फिरोज वारसी साहब ने कौम से खिताब फरमाते हुए रसूल एवं आले रसूल का दर्स देते हुए कहा कि उनसे मुहब्बत करो एवं उनके बताये हुए सीधे रास्ते पर चलो। नज्र ए मोला ए कायनात से प्रोग्राम का आगाज हुआ और 4 बजकर 13 मिनट पर सरकार वारिस.ए. पाक रह० के कुल शरीफ की रस्म के साथ प्रोग्राम का समापन हुआ। इस मौके पर सरपरस्ते जलसा हजरत मौलाना जिहानत हुसैन इसराइली वारसी ने मुल्क व कौम के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर मौ० जिशान अली, मनाजिर हुसैन वारसी, रमीज इतरत वारसी, सैफ अली वारसी, फहीम वारसी, शरफ हुसैन वारसी, यासूब हुसैन वारसी, अयान हैदर वारसी, सारिम अब्बास वारसी, अनीस वारसी, शफीक वारसी, रईस वारसी, फहीम मुख्तार, महमूद वारसी,इकराम वारसी, नसीम वारसी, अजीम सैफी,उमर तुर्की,एहतेशाम अशरफी, साकिब वारसी, अकील वारसी, हाफिज जहीर वारसी, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मौलाना जिहानत हुसैन इसराइली वारसी एवं संचालन सलमान सम्भली ने किया।



# सोनम वांगचुक से अनशन समाप्त करने की अपील

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा महताब अमरोहवी)।** नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी युवा चित्रकार जुहैब खान ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 17 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे समाजसेवी एवं पर्यावरणविद् वैज्ञानिक सोनम वांगचुक के प्रति अपनी भावनाएं और सम्मान व्यक्त करते हुए उनका चार फीट का कोयले (चारकोल) से बना आकर्षक चित्र तैयार किया।जुहैब खान ने इस चित्र के माध्यम से सोनम वांगचुक से अपील की है कि वे देशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए अपना अनशन समाप्त करें और अपने स्वास्थ्य एवं जीवन की रक्षा करें।आप का जीवन इस देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण और आवश्यक है उनका कहना है कि देश की जनता उनकी बातों और उद्देश्यों को गंभीरता से सुन रही है तथा सभी चाहते हैं कि वे स्वस्थ रहकर समाज और राष्ट्रहित में अपना योगदान निरंतर देते रहें।




उन्होंने कहा कि यह चित्र केवल एक कलाकृति नहीं,बल्कि सोनम वांगचुक के प्रति सम्मान और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना का प्रतीक है। ज्ञात रहे कि सोनम वांगचुक नीट पेपर लीक मामले पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र और लद्दाख को भारतीय संविधान की छठी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 29 जून 2026 से आमरण अनशन पर बैठे हैं जिस पर भारत सरकार की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया है जबकि अभिनेत्री स्वरा भास्कर ,आप नेता संजय सिंह ,पूर्व मुख्य मंत्री दिल्ली अरविंद केजरीवाल ,शबाना आजमी समेत काफी लोग उन से आमरण अनशन समाप्त करने की अपील कर रहे हैं परन्तु सोनम अपनी जिद पर अटल हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# स्ट्रीट्स ऑफ मेरठ पेज के संस्थापक एवं इंफ्लूएंसर सावन कनौजिया को जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** आज जिलाधिकारी कार्यालय मेरठ में शहर के प्रमुख युवा इंफ्लूएंसर व स्ट्रीट्स ऑफ मेरठ पेज के संस्थापक रोहटा रोड़ निवासी सावन कनौजिया को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया है। दरअसल सावन कनौजिया ने बतौर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर प्रांतीयकृत नौचंदी मेला 2026 के प्रचार- प्रसार, लोकप्रियता बढ़ाने और मेले की जानकारी जन जन तक पहुँचाने में प्रमुख भूमिका निभाई। मेला उद्घाटन से लेकर, श्रेष्ठ व्यंजन, शास्त्रीय संगीत संध्या, रेणुका पंवार का लाइव शो व मेला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कई विडियो बनाए, जिसे लाखों लोगों ने देखा। यहाँ तक कि नौचंदी मेला में झूला टूटने की भ्रामक विडियो की सच्चाई भी सावन ने अपने पेज से मेरठवासियों को दिखाई थी। चूँकि जिला पंचायत मेरठ इस वर्ष का मेले का मेजबान रहा इसलिए जिला



पंचायत के द्वारा विशेष व जिला प्रशासन द्वारा अलग से प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व पौधा सावन कनौजिया को देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल ने यह सम्मान सावन को दिया। उल्लेखनीय है कि सावन कनौजिया के स्ट्रीट्स ऑफ मेरठ पेज को इंस्टाग्राम पर 39 हजार से अधिक फॉलोअर व मासिक रीच 6 लाख से अधिक है। वहीं फेसबुक, एक्स व यूट्यूब पर भी हजारो मेरठवासी पेज से जुड़कर शहर में होने वाले प्रमुख आयोजन, पर्यटन स्थल, स्वच्छता आदि को लेकर सूचना प्राप्त करते हैं। गौरतलब है कि सावन एक पर्यावरण कार्यकर्ता भी हैं और युवा संगठन एनवायरमेंट क्लब के संस्थापक भी। सावन ने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया और कहा कि क्रांतिधरा का पुत्र होने के नाते यह कर्तव्य बनता है कि अपने शहर को हम अपने कौशल के माध्यम से लोगों को दिखाएं।

सावन ने कहा कि व्यूज के लिए या फॉलोअर के लिए अनर्गल पोस्ट करना उनका उद्देश्य नहीं है बल्कि जिम्मेदार नागरिक व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के रूप में प्रशासन, शासन व स्थानीय मुद्दों पर सही और लाभप्रद बात होनी चाहिए। इस विशेष उपलब्धि पर सावन को उनके पेज के फॉलोअर व मित्र, परिवारजनों ने बधाई दी है।

# स्कूल बस की चपेट में आने से दूसरी कक्षा के छात्र की मौत, चालक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** थाना जैत क्षेत्र के राल गांव स्थित तिलक सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार सुबह स्कूल बस की चपेट में आने से दूसरी कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से बस छोड़कर फरार हो गया। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ कर शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद लोगों को शांत कर जाम खुलवाया।

**कॉलेज परिसर में तोड़फोड़, शव रखकर साढ़े तीन घंटे तक लगाया जाम, चार थानों की पुलिस ने संभाली स्थिति, एसएसपी बोले- तहरीर पर होगी कार्रवाई**



पेलखू गांव निवासी गंगदेव का सात वर्षीय पुत्र नितिन तिलक सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह स्कूल बस से करीब साढ़े आठ बजे विद्यालय पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस से बच्चे उतर रहे थे। इसी दौरान नितिन पूरी तरह नीचे उतर भी नहीं पाया था कि चालक ने बस को आगे बढ़ा दिया। झटका लगने से वह सड़क पर गिर गया और बस का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और शव सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।




आक्रोशित लोगों ने कॉलेज परिसर में घुसकर मुख्य गेट, दरवाजों और खिड़कियों के शीशों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस के समझाने के प्रयास के दौरान कुछ देर नोकझोंक भी हुई। हालात बिगड़ते देख चार थानों की पुलिस और अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया और करीब साढ़े तीन घंटे बाद जाम समाप्त कराया।

पुलिस ने छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरार बस चालक की तलाश की जा रही है। मामले में तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**एसएसपी श्लोक कुमार का वर्जन**

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया, ह्थाना जैत क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में बच्चों को लेकर स्कूल बस पहुंची थी। बच्चों को उतारने के बाद चालक बस को बैक कर रहा था। इसी दौरान बस के पीछे मौजूद करीब आठ वर्षीय छात्र बस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जाम लगाया और कॉलेज प्रबंधन के साथ कहासुनी तथा हल्की तोड़फोड़ की।

सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ कार्यालय के सामने डाक्टर के भाई को पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** मुरादाबाद रोड स्थित एसडीएम न्यायालय के सामने एक निजी अस्पताल के बाहर मेडिकल चलाने वाले डाक्टर के भाई के साथ मारपीट की गई। पुराने विवाद को लेकर मेडिकल स्टोर पर पहुंचे कंपाउडर ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय डाक्टर अपने भाई को बचाने के लिए बाहर आए और युवकों को वहां से खदेड़ा। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

मुरादाबाद रोड पर सर्जन डा. अनिल क्षोत्रिय अस्पताल चलाते हैं। जबकि उनके भाई सुधीर अस्पताल परिसर में ही मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। चंदौसी रोड स्थित एक गांव निवासी देवेंद्र पहले उनके यहां कंपाउंडर के रूप में कार्य करता था। किसी बात को लेकर सुधीर और देवेंद्र के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके



बाद दोनों के बीच फोन पर भी विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर डा. अनिल क्षोत्रिय ने देवेंद्र को कुछ दिन तक अस्पताल नहीं आने के लिए कह दिया। आरोप है कि इसके बाद देवेंद्र गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे अपने दो साथियों के साथ मेडिकल स्टोर पर पहुंच गया। वहां एक बार फिर देवेंद्र और सुधीर के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि देवेंद्र और उसके साथियों ने सुधीर को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। शोर-शराबा सुनकर डा. अनिल क्षोत्रिय अस्पताल से बाहर आए। उन्होंने अपने भाई को युवकों के चंगुल से छुड़ाया और युवकों मारपीट कर वहां से खदेड़ा। घटना के दौरान अस्पताल के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वहीं कोतवाल सुधीर पंवार का कहना है कि देवेंद्र की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की जांच चल रही है।

# यूथ ब्रिगेड के विधानसभा अध्यक्ष शमी खान के नेतृत्व में चाढ़पुर में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल जी का आज बिथरी चैनपुर विधानसभा के चाढ़पुर में आगमन पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर नव नियुक्त विधानसभा अध्यक्ष, यूथ ब्रिगेड शमी खान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया । स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष इजाज अहमद, यूथ ब्रिगेड महासचिव नवल यादव, सचिव फरदीन खान, सुल्तान यादव, नगर अध्यक्ष शानू दिवाकर, सचिव इंजीनियर विवेक साहू, उपाध्यक्ष संदीप लोधी राजपूत, सचिव जलालुद्दीन मेवाती सहित यूथ ब्रिगेड की



पूरी टीम मौजूद रही। इस मौके पर शमी खान ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में बिथरी चैनपुर विधानसभा में पार्टी को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने ब्रज

**ब्रज के समग्र विकास, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर हुई चर्चा, मुख्यमंत्री ने दिए समयबद्ध कार्य और बेहतर सफाई व्यवस्था के निर्देश**

क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं और आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की तथा मुख्यमंत्री से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को ठाकुर बांकेबिहारी जी का पावन प्रसाद भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, नगर निगम की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी सावन मास और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन पहुंचेंगे। ऐसे में नगर निगम को स्वच्छता, पेयजल, यातायात, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर बनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और ब्रज की स्वच्छ एवं सुंदर छवि देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत हो। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि शासन के निदेशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने स्वच्छता व्यवस्था को और



अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है तथा अधिकारी और कर्मचारी लगातार फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आगामी एक पखवाड़े के भीतर मथुरा-वृंदावन की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार दिखाई देगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रज के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, तीर्थस्थलों की बेहतर व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में ब्रज क्षेत्र को और अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल बनाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

# वक्फ संख्या 75 की भूमि पर कथित अवैध निर्माण रोकने के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** वक्फ संख्या 75 की संपत्ति पर कथित अवैध निर्माण की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर सर्वे आयुक्त वक्फ/जिलाधिकारी कार्यालय, बरेली ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार कटकुईयां, पुराना शहर स्थित वक्फ संख्या 75 की भूमि पर बिना वक्फ बोर्ड की अनुमति के निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत जहीर खान पुत्र मोहम्मद कमर निवासी कटकुईयां, हकीम सुक्खा मस्जिद, थाना बारादरी ने की थी। शिकायत के आधार पर उप



जिलाधिकारी सदर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा यदि अवैध निर्माण पाया जाए तो उसे तत्काल रुकवाने के निर्देश दिए गए हैं।

पत्र में कहा गया है कि संबंधित अधिकारी शिकायत में उल्लिखित तथ्यों की जांच कर वक्फ संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपनी आख्या प्रस्तुत करें।

इस संबंध में सर्वे कमिश्नर वक्फ उत्तर प्रदेश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी प्रतिलिपि प्रेषित की गई है।

# 1.42 करोड़ की अवैध संपत्ति पर चला पुलिस का बुलडोजर एक्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ मथुरा पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष

**20 किलो गांजा बरामदगी के आरोपी की बोलेरो, मकान और बाइक जब्ती की कार्रवाई; एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देश पर महावन पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

अभियान के तहत थाना महावन पुलिस ने 20 किलो गांजा बरामदगी के मामले में गिरफ्तार आरोपी की 1 करोड़ 42 लाख 55 हजार 821 रुपये की अवैध संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार थाना महावन क्षेत्र के गांव पचावर निवासी पुष्पेंद्र को पूर्व में 20 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 एवं 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी की आर्थिक जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि उसने मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन से एक बोलेरो, एक मोटरसाइकिल और एक आवासीय मकान खरीदा था। पुलिस ने इन चल एवं अचल संपत्तियों का मूल्यांकन कराया, जिसकी कुल कीमत 1 करोड़ 42 लाख 55 हजार 821 रुपये आंकी गई। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि अब केवल नशा तस्करों की गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि अपराध से अर्जित उनकी संपत्तियों पर भी लगातार कार्रवाई की जाएगी, जिससे अपराधियों



की आर्थिक कमर तोड़ी जा सके। मथुरा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। जनपद में नशा तस्करी, मादक पदार्थों की बिक्री और संगठित अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधियों की अवैध संपत्ति चिन्हित कर जब्ती की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**एसएसपी श्लोक कुमार का वर्जन**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा, "जनपद में नशा तस्करों और नशा माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अपराध से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों को चिन्हित कर जब्त किया जा रहा है। भविष्य में भी नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।"

**आरोप** 19 दिन बाद भी माल गंतव्य तक नहीं पहुंचा, पुलिस से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने का आरोप

# ट्रक में लदा 374 क्विंटल 80 किलो कार्बन पाउडर गायब, ट्रांसपोर्टर ने चालक पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** दुनका निवासी ट्रांसपोर्टर रिजवान अली ने ट्रक चालक पर 374 क्विंटल 80 किलोग्राम कार्बन पाउडर हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से करते हुए माल बरामद कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रिजवान अली के अनुसार वह गांव दुनका में अली ट्रांसपोर्ट के नाम से ट्रांसपोर्ट का काम करता है। 30 मई 2026 को उसने ट्रक संख्या यूपी-27 बीटी-2975 में झारसुगुड़ा, ओडिशा से रामपुर के लिए कार्बन पाउडर लोड कराया था। ट्रक के मालिक और चालक रवि कुमार निवासी शाहमतगंज गौटिया, लाला नगर, जिला शाहजहांपुर ने माल को तीन-चार दिन में रामपुर पहुंचाने का आश्वासन दिया था। माल का कुल किराया 1,46,172 रुपये तय हुआ था, जिसमें से 89 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से भुगतान किए गए।

आरोप है कि ओडिशा से रवाना होने के अगले दिन चालक रवि कुमार ने फोन कर ट्रक का इंजन खराब होने की बात कही और दो-तीन दिन अतिरिक्त लगने की जानकारी दी। इसके बाद जब भी ट्रांसपोर्टर ने माल और ट्रक के संबंध में जानकारी मांगी तो चालक अलग-अलग बहाने बनाने लगा। करीब 19 दिन बाद भी माल रामपुर नहीं पहुंचा। इसके बाद चालक ने जानकारी देने से इनकार कर दिया और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि उसने चौकी दुनका, चौकी रिठौरा और थाना हाफिजगंज में शिकायत की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 24 जून



2026 को अधिकारियों के समक्ष प्रार्थना-पत्र दिया गया, जिस पर थाना शाही पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी दिन जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई, जिसकी संदर्भ संख्या 40015026032244 है।

रिजवान अली ने आशंका जताई है कि चालक ने धोखाधड़ी कर कार्बन पाउडर को निर्धारित स्थान पर पहुंचाने के बजाय रास्ते में कहीं हड़प लिया है। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच कर माल बरामद कराने, आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने और उसके भुगतान किए गए रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी उत्तरप्रदेश में जहां भी जाते थे वहां पहले मुरादनगर के लोगों का नाम लेते थे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से अलग अलग पार्टियों से एवं निर्दलीय भी चुनाव जीत कर छह बार विधायक रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी किसान मजदूर कमजोर वर्ग के एकमात्र नेता थे। वह प्रदेश भर में जहां भी जाते थे सबसे पहले मुरादनगर के लोगों का नाम लेते थे। मुरादनगर के लोगों को सम्मान देते थे और मुरादनगर के लोगों को अपने परिवार की तरह मानते थे। राजपाल त्यागी त्यागी समाज के भी एकमात्र नेता थे जिन का प्रभाव देहरादून से दिल्ली तक और मुरादाबाद से शामली तक त्यागी समाज के लोगों में अच्छा प्रभाव था जिनका जीता जागता उदाहरण था



उनकी श्रद्धांजलि सभा में देहरादून से आगरा तक और मुरादाबाद से शामली तक त्यागी समाज के सैकड़ों लोग अपने दिवगत नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। त्यागी समाज के लोगों का यह भी कहना है कि वह कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी जैसा नेता उत्तर प्रदेश में नहीं है जिन्होंने अपने क्षेत्र के लिए इतने विकास कार्य किये जिससे क्षेत्र के लोग उन्हें विकास पुरुष के नाम से पुकारने लगे थे।

# बाइक मैकेनिक लाखन की सड़क हादसे में हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । बुधवार की रात हुए सड़क हादसे में बाइक मैकेनिक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शब का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना छजलैट के गांव रवाना निवासी



लाखन सिंह भीकनपुर में बाइक मैकेनिक का काम करता था रात करीब 8:30 बजे वह दुकान बंद कर-के अपने घर के लिए चला जैसे ही रवाना मोड़ पर पहुंचा पीछे से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी इसमें लाखन की मौके पर मौत हो गई जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची घायल को अस्पताल पहुंचा कर शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। गुरुवार को दोपहर बाद मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बाइक से टक्कर मारने वाला युवक भी रवाना गांव का ही बताया गया है।

# फर्जी बैनामे के खेल में एसडीएम कोर्ट से मिला स्टे, डीएम से गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** कस्बा अमरोहा खास बाहर चुंगी स्थित करोड़ों रुपये की पैतृक भूमि को फर्जी दस्तावेजों के सहारे हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई है।

पीड़ित का आरोप है कि विपक्षियों ने उसके स्व. पिता के नाम पर दस रूपए के स्टाम्प पर एक फर्जी विक्रय पत्र (सेल डीड) तैयार कर जमीन हथियाने की साजिश रची और नियम-कानूनों को ताक पर रखकर एसडीएम कोर्ट से अवैध स्थगन आदेश (स्टे) भी हासिल कर लिया।मोहल्ला काजीजादा, अमरोहा निवासी पीड़ित मंसूर सफदर नकवी पुत्र स्वर्गीय सफदर अब्बास ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बा अमरोहा खास बाहर चुंगी में उनकी पैतृक भूमि (गाटा संख्या-1679 मि. रकबा 0-287 हेक्टेयर व गाटा संख्या-1679 मि. रकबा 0-142 हेक्टेयर) दर्ज है। यह भूमि उन्हें और उनके भाई को पिता की मृत्यु (31 जनवरी 2014) के बाद उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त हुई थी, जिसका नाम खतौनी में भी दर्ज हो चुका है।

**मृतक के नाम पर दस रूपए के स्टाम्प पर फर्जी सेल डीड तैयार करने का आरोप, पीड़ित ने लगाई सुरक्षा और न्याय की गुहार**

पीड़ित का आरोप है कि ग्राम अलीपुरा कुई (तहसील कांठ) निवासी धर्मवीर पुत्र छतर सिंह ने उसके पिता के नाम से दस रूपए के स्टाम्प पर एक फर्जी बैनामा तैयार कराया।इस फर्जी बैनामे को वर्ष 1971 (27 नवंबर 1971) का पंजीकृत दशार्या गया और कार्यालय उपनिबंधक में हेरफेर कर बही नंबर-1, जिल्द नंबर - 1162/1971 को समाप्त करा दिया गया।

इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर आरोपी धर्मवीर ने नायब तहसीलदार कोर्ट से सांठगांठ कर गत 21 मई 2026 को एकपक्षीय दाखिल-खारिज का आदेश भी पारित करा लिया था।जब पीड़ित को इस धोखाधड़ी की भनक लगी, तो उसने नायब तहसीलदार न्यायालय में पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गत 24 जून 2026 को एकपक्षीय आदेश को निरस्त कर दिया।पीड़ित मंसूर सफदर नकवी ने शिकायती पत्र में अमरोहा की उपजिलाधिकारी (एसडीएम) की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

पीड़ित का कहना है कि नायब तहसीलदार द्वारा पारित अंतरिम आदेश के खिलाफ कोई अपील कानूनन स्वीकार्य नहीं है, जिसका स्पष्ट प्रावधान उ.प्र. राजस्व संहिता की धारा-209 (ज) में दर्ज है।इसके बावजूद, उपजिलाधिकारी अमरोहा ने नियम-कानूनों की अनदेखी करते हुए आरोपी धर्मवीर की अपील (धारा-35 (2) के अंतर्गत) को न सिर्फ सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया, बल्कि उस पर अवैध रूप से स्थगन आदेश (स्टे) भी पारित कर दिया।

## गर्मी और उमस से नागरिक परेशान, 19 जुलाई से भारी बारिश का अलर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** पिछले दिनों की बारिश के चलते वातावरण में बढ़ी नमी से भारी उमस और दूसरी तरफ तापमान भी सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो जाने से पैदा हुए मौसमी हालात ने लोगों को बेचैन कर दिया। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से तीन-तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ 44 डिग्री सेल्सियस जितनी गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में गर्मी व उमस के तेवर जस के तस बने रहने की संभावना जताते हुए 19 जुलाई से भारी बारिश होने का यलो अलर्ट जारी कर दिया है।

## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई: दो बैंक्वेट हॉल और अस्पताल सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** लखनऊ अग्निकांड के बाद एमडीए अवैध निमार्णों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। टीम ने पाकबड़ा में दो बैंक्वेट हाल और एक अस्पताल को सील किए जाने की कार्रवाई की।एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव



सिंह के निर्देश पर गुलाब वाटिका बैंक्वेट हॉल, इंडियन पैलेस बैंक्वेट हॉल तथा एक निजी अस्पताल की निमार्णाधीन बिल्डिंग को सील करने की कार्रवाई की। सभी प्रतिष्ठानों का निर्माण प्राधिकरण सेआवश्यक स्वीकृति प्राप्त किए बिना किया जा रहा था। जिसके चलते नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण एवं भू-उपयोग नियमों का उल्लंघन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति बिना स्वीकृत मानचित्र के भवन निर्माण न कराएं।

## कांवड़ यात्रा में डीजे पर सख्ती, नियम तोड़ा तो होगा जब्त, पुलिस ने डीजे संचालकों को दी चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुंदरकी** । श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आगामी 30 जुलाई से शुरू हो रही है। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। बुधवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने क्षेत्र के 30 से अधिक डीजे संचालकों के साथ बैठक कर साफ हिदायत दी। बैठक में नगर के साथ-साथ हरियाणा, मोहनपुर, नानपुर, हुसैनपुर, इमरतपुर, मंझोली और शेखपुर खास के डीजे संचालक मौजूद रहे। पुलिस ने डीजे संचालकों को शासन की गाइडलाइन समझाई।

# वाटर पार्क में "नहाने गए युवक की हुई मौत" नियम कानून "ताक" पर रखकर चल रहे हैं अनेक वाटर पार्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । नगर पंचायत कांठ से करीब 3 किलोमीटर दूर गढ़ी सलेमपुर पुलिस चौकी के निकट आई.के. वाटर पार्क में नहाने गए एक 40 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। साथ में नहा रहे युवक पानी से निकाल कर उसे अस्पताल ले गए लेकिन वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। कांठ निवासी विजेंद्र पुत्र पूरन सिंह (40 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ गुरुवार की दोपहर आई.के. वाटर पार्क में नहाने के लिए गया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय वह बेसुध हो गया। दोस्तों ने उसे पानी से बाहर ना आता देखकर पानी से



बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल ले गए लेकिन वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंच गई और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया बताया गया कि अधेड़ नशे का आदि भी था और शायद नहाते समय अचानक उसके मूर्छित हो जाने के कारण उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और मीडिया कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे वहां न तो प्रशिक्षित गोताखोर मिला और, न ही लाइफ जैकेट, सुरक्षा गार्ड या अन्य बचाव सामग्री दिखाई दी। वाटर पार्क संचालक ने गोताखोर के छुट्टी पर जाने की बात कही लेकिन लोगों ने सुरक्षा मानकों को लेकर कई सवाल खड़े किए और इस मामले की पूरी तरह जांच कराए जाने की मांग भी उठाई। क्षेत्र में अवैध वाटर पार्क किसके संरक्षण में चल रहे हैं यह सोचने का विषय है ।

# मुरादाबाद में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बीएलओ-पर्यवेक्षकों से किया संवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत निर्वाचन आयोग






के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार बृहस्पतिवार को मुरादाबाद पहुंचे यहां पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका शानदार स्वागत किया ।

टीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ और पर्यवेक्षकों से उन्होंने संवाद किया ।मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिल्ली से कार द्वारा होटल हॉलिडे पहुंचें। यहां से वह टीएमयू के लिए रवाना हुए। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में बीएलओ और पर्यवेक्षकों से सीधा संवाद किया' कार्यक्रम में जनपद के सैकड़ो बीएलओ मौजूद थे ' बाद में मुख्य निर्वाचन आयुक्त दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# मुरादाबाद में स्थापित किया गया 'महर्षि चरक औषधि वन'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने और औषधीय पौधों के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को मुरादाबाद में 'महर्षि चरक औषधि वन स्थापित किए गए। यह पहल पौधारोपण महायज्ञ-2026 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत की जा रही है। मुख्य वन संरक्षक प्रचार-प्रसार अदिति शर्मा ने बताया कि महर्षि चरक की स्मृति में विकसित किए जा रहेइन औषधि वनों में तुलसी, नीम,



हरड़, बहेड़ा, आंवला, चिरैता, कपूर, मुलेठी, बेल सहित स्थानीय जलवायु और मृदा के अनुकूल औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश में हरित क्षेत्र का विस्तार करने के साथ-साथ लोगों को औषधीय पौधों के महत्व से जोड़ना और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना है। विभाग का कहना है कि जड़ी-बूटियों के संरक्षण और उनके उपयोग को प्रोत्साहित कर स्वास्थ्य, रोग-निदान तथा प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। गौरतलब है कि विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंदूर का पौधा लगाकर 'महर्षि चरक औषधि वन' की स्थापना का शुभारंभ किया था। अभियान को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक जिले में औषधीय पौधों का विशेष रोपण किया जाएगा।

# मुरादाबाद में कोर्ट आई पत्नी को दिया" तलाक" पति समेत चार पर केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में भाइयों के साथ कचहरी में अपने मुकदमे की पैरवी करने आई महिला को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। बाद में गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर





पुलिस ने पति समेत चार सुसरालियों पर केस दर्ज किया है।मुगलपुरा थाना क्षेत्र के वारसी नगर निवासी जारा राशिद ने सिविल लाइंस पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी ससुरालियों से मुकदमेबाजी चल रही है। जारा राशिद के अनुसार 10 जुलाई को दोपहर करीब 12:30 बजे वह अपने भाई इमरान और रहमान के साथ मुकदमे की पैरवरी करने के लिए एसीजेएम कोर्ट आई थी। पीड़िता के अनुसार उसी दौरान कमिश्नरी चौराहा से पहले गेट के पास पति इशरत, उसके भाई जीशान व शुऐब और उसके एक अज्ञात साथी पहले से मौजूद थे। आरोप लगाया कि देखते ही चारों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपी पति इरशत ने तीन तलाक दे दिया।

## 100 हेक्टेयर भूमि पर भी पट्टों का खेल

# सरकारी सार्वजनिक जमीन को हड़पने का प्रयास किया तो बक्शा नहीं जाएगा: मंडल आयुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सरकारी सार्वजनिक जमीनों के खेल को लेकर लगातार नए मामले सामने आ रहे हैं। कल्याणपुर ऐहतमाली, फत्तेहपुर बलोदी, फाजलपुर, मुस्तफापुर की जांच तेज हो गई है।ठाकुरद्वारा तहसील के रहटामाफी गांव का भी मामला सामने आया है। यहां नियम विरुद्ध सरकारी जमीनों के पट्टे कर दिए। इसमें सरकारी सार्वजनिक उपयोग की भूमि अलग श्रेणी की है जिसमें पट्टे नहीं किए जा सकते। लगभग 100 हेक्टेयर भूमि ऐसी है जिसमें खतौनी में नाम इंद्राज हुए हैं। रामगंगा के किनारे बसे गांवों में सरकारी जमीन में घपले की रिपोर्ट के बाद फाजलपुर की 100 हेक्टेयर भूमि समेत अन्य गांवों की जमीन का ब्योरा दिया था। इसके बाद से टीमें और सक्रिय हो कर अभिलेख खंगाल रही हैं और मुआयना कर रही हैं।पूरे मामले में जांच की जा रही है। यहां 1359 फसली खतौनी और पुराने बंदोबस्त से मिलान के बाद गड़बड़ी मिली है। इसके बाद आनन फानन इसमें चकबंदी और राजस्व विभाग सक्रिय हो गया है। जांच के बाद ही सही जानकारी सामने आएगी। कल्याणपुर एहतमाली

के बाद फाजलपुर, रहटामाफी के अभिलेख भी देखे जा रहे हैं। इसके साथ ही फत्तेहपुर बलोदी, मुस्तफापुर, कल्याणपुर समेत कई गांवों में तहसील स्टाफ को लगाया गया है। सभी तहसीलों में किसी न किसी गांव में इस तरह की गड़बड़ियां मिल रही हैं जिसमें पट्टों के रूप में सीलिंग के रूप में अथवा जमीन की नवैत बदल कर सरकारी जमीन को खुर्दबुर्द किया गया है।मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया के स्तर से सरकारी जमीनों को लेकर विशेष सख्ती बरती जा रही है जिससे सरकारी जमीन को बचाया जा सके। मंडलायुक्त ने कहा कि कहीं भी सरकारी सार्वजनिक जमीन हड़पने का प्रयास किया गया तो दोषी बख्शा नहीं जाएगा। जांच पैमाइश के निर्देश हैं सघन परीक्षण किया जा रहा है।

# मुरादाबाद के परिषदीय विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ी लेकिन "बालकों का घट रहा रुझान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय विद्यालयों में पिछले पांच वर्षों में हुए नामांकनों में बालिकाओं का अनुपात बढ़ा है जबकि बालकों के नामांकन की संख्या हर साल घट रही है। विभाग के अनुसार बेटों की पढ़ाई के लिए अभिभावकों का निजी स्कूलों की ओर रुख करना इसका मुख्य कारण है। वर्ष 2025-26 में 1 1,409 परिषदीय विद्यालयों में 64,437 लड़के और 74,191 न छात्राएं नामांकित हैं। यानी छात्राओं की संख्या लड़कों से 9,754 अधिक है। यही हाल बीते पांच सालों में भी रहा है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि





सभी बच्चों को परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निःशुल्क पुस्तकें, यूनिफार्म, जूते-मोजे, स्वेटर और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद लड़कों के नामांकन में गिरावट होना चुनौती बना हुआ 'विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में परिषदीय विद्यालयों में कुल 1,87,986 विद्यार्थी नामांकित थे। इनमें 89,797 बालक और 98,189 बालिकाएं थीं। उस समय भी बालिकाओं की हिस्सेदारी 52.23 फीसदी रही, जबकि बालकों की हिस्सेदारी 47.77 फीसदी थी। वर्ष 2022-23 में नामांकन बढ़कर 1,90,500 पहुंचा, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक रहा। इसमें 90,828 बालक और 99,672 बालिकाएं थीं। इस वर्ष भी 52.32 फीसदी छात्राएं और 47.68 फीसदी छात्र थे। इसके बाद नामांकन में लगातार गिरावट शुरू हो गई। वर्ष 2023-24 में कुल नामांकन घटकर 1,60,026 रह गया।इसमें 74,950 बालक और 85,076 बालिकाएं थीं। बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 53.16 फीसदी हो गई, जबकि बालकों का प्रतिशत घटकर 46.84 फीसदी रह गया। वर्ष 2024-25 में बालकों की हिस्सेदारी 46.67 प्रतिशत रही'कई अभिभावक सामाजिक प्रतिष्ठा को देखते हुए बालकों की शिक्षा के लिए निजी स्कूलों की ओर भेजने की कोशिश करते हैं।

# बेसिक शिक्षा कर्मियों को "खाता बदलते ही मिलेंगे बीमा" लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्थायी और संविदा शिक्षकों व अन्य कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के साथ हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर योजना को प्रभावी ढंग से लागू कराने के निर्देश दिए हैं। आठ जुलाई को वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज योजना का शुभारंभ किया था। इसी दौरान बेसिक शिक्षा विभाग और एसबीआइ के बीच तीन एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। इसके तहत 10 हजार रुपये या उससे अधिक नेट मासिक वेतन पाने वाले स्थायी शिक्षक व कर्मचारी, 10 हजार रुपये या उससे अधिक मानदेय पाने वाले विभागीय संविदा कर्मी (शिक्षामित्र, अंशकालिक अनुदेशक आदि), सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कर्मी व 10 हजार रुपये से कम मानदेय पाने वाले संविदा कर्मी भी योजना के दायरे में आएंगे। 10 हजार रुपये से कम मानदेय पाने वाले कर्मियों को एसबीआई में जीरो बैलेंस खाता खोलना होगा।

# मिशन टीबी उन्मूलन: मुरादाबाद की 75 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** देश को टीबी (क्षयरोग) से मुक्त करने के लिए संचालित मिशन टीबी उन्मूलन 2025 की डेडलाइन खत्म होने के बाद ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने का जो आंकड़ा सामने आया है उसके मुताबिक 75 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। जिले में 643 ग्राम पंचायते हैं। ग्राम पंचायतों के टीबी से मुक्त घोषित होने का सिलसिला वर्ष 2023 में शुरू हुआ।मुरादाबाद में 2023 में 12, वर्ष 2024 में 36 और 2025 में 27 ग्राम पंचायतें टीबी से मुक्त घोषित की गईं। अधिक से अधिक जांच करके मरीजों को ढूंढने और उनका इलाज शुरू कराने की सघन मुहिम के नतीजे में ग्राम पंचायतों में टीबी के मरीजों की संख्या एक निर्धारित मानक से कम मिलने के चलते उन ग्राम पंचायतों को टीबी से मुक्त किया गया। टीबी उन्मूलन के मिशन को बिना कोई डेडलाइन घोषित किए आगे बढ़ा दिया गया है।प्रति एक हजार की आबादी पर टीबी का सिर्फ एक केस ही मिलने पर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित करने का प्रावधान किया गया है। इतनी आबादी में कम से कम तीस लोगों की टीबी जांच होना अनिवार्य है।

**उल्लंघन** — 2011 में नियुक्ति के समय से आज तक लखनऊ में ही जमा है एक चिकित्सा अधीक्षक

# अपने ही विभाग के शासनादेश को नहीं मानता स्वास्थ्य विभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में ही स्वास्थ्य विभाग अपने ही विभाग के शासनादेश का खुला उल्लंघन कर रहा है क्योंकि पिछले वर्षों में जारी शासनादेशों को छोड़ दिया जाए तो इस वर्ष के शासनादेश के अनुसार कोई भी चिकित्सा अधिकारी अथवा चिकित्सा अधीक्षक अपने जिले में 3 साल तक ही सेवा दे सकता है और मंडल में 5 वर्ष की सेवा के बाद उसका स्थानांतरण हो जाना चाहिए परंतु राजधानी में एक ऐसा चिकित्सा अधिकारी तैनात है जिसकी नियुक्ति 15 जनवरी 2011 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल में चिकित्सा अधिकारी के रूप में की गई थी जिसका नाम है डॉक्टर जेपी सिंह। 12 -5- 2017 तक 6 साल 3 महीना 27 दिन माल में चिकित्सा अधिकारी











के रूप में सेवा देने के बाद इनका स्थानांतरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज कर दिया गया जहां से इन्होंने अपना स्थानांतरण मात्र 15 महीने में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बख्शी का तालाब करवा लिया। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी के रूप में इनकी नियुक्ति 7 अगस्त 2018 को की गई उसके बाद 5 सितंबर 2020 तक यह यहां चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत थे उसके बाद इसी स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन बाद ही 7 सितंबर 2020 को चिकित्सा अधीक्षक के रूप में तैनाती दे दी गई जहां 5 साल 10 महीने से एक ही पद पर जमे हुए हैं इस बीच इनको अतिरिक्त चार्ज के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा का चार्ज 7 जुलाई 2023 को दे दिया गया जहां यह 30 अक्टूबर 2024 तक अतिरिक्त चार्ज देखते रहे। इसके ठीक एक महीने बाद 30 नवंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल का अतिरिक्त चार्ज दे दिया गया जहां यह आज भी अतिरिक्त चार्ज के रूप में कार्यरत हैं। इटौंजा में 1 साल 3 महीने 10 दिन अतिरिक्त चार्ज के रूप में तैनाती रही जबकि मॉल में 1 साल 7 महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी अतिरिक्त चार्ज के रूप में अस्पताल की अव्यवस्थाओं को सुधारने में नाकाम रहने के बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ सहित मंडल और निदेशालय तक के अधिकारियों को राजधानी में होने के बावजूद यह सब दिखाई नहीं पड़ रहा है क्योंकि राजधानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केदो की संख्या सीमित होने के बावजूद यहां चिकित्सा अधीक्षकों की वर्षों तक नियुक्ति न होना स्वास्थ्य विभाग की कार्यशाली पर सवालिया निशान खड़ा होता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल में वर्षों से कमीशन खोरी के चलते अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं जबकि जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में अल्ट्रासाउंड मशीन चालू हैं ।

# जीएनआरएफ ने हाईवे पर लगाई ठंडे पानी की सबील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** भीषण गर्मी को देखते हुए गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएन आर एफ ) ने कुंदरकी-मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे जीरो पॉइंट पर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की सबील लगाई।

नगर अध्यक्ष मुहम्मद अरकान कादरी अत्तारी ने बताया कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों के पास मुफ्त स्टॉल लगाए गए हैं। सेवादार सुबह से शाम तक साफ-फिल्टर्ड पानी पिला रहे हैं। इस मौके पर गुलाम नबी, फरमान, आसिफ, समद, सरफराज आदि मौजूद रहे।







Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# अभिनेत्री आकांक्षा चमोला दोबारा नहीं करेंगी शादी, अकेली गुजारेंगी जिंदगी

अभिनेता गौरव खन्ना से तलाक और खुद के बायसेक्शुअल होने की चचाओं के बाद अभिनेत्री आकांक्षा चमोला ने कहा है कि वह दोबारा शादी नहीं करेंगी। फराह खान और रितेश देशमुख के होस्ट किए जाने वाले नेटफ्लिक्स शो लॉक अपः सच या सजा के हालिया एपिसोड में आकांक्षा अपनी करीबी दोस्त पामेला सेरेना के साथ जेल में दिल की बातें करती नजर आईं। आकांक्षा ने पामेला से कहा कि जब उनकी शादी गौरव खन्ना से हुई थी, तब उनकी उम्र 24 साल थी। इस पर पामेला ने कहा कि वह अभी भी युवा हैं और उन्हें आगे चलकर कोई अच्छा जीवनसाथी मिल सकता है। आकांक्षा ने जवाब दिया, नहीं, मैं दोबारा शादी नहीं करना चाहती। मेरा मन अब शादी से भर गया है। लेकिन जिंदगी में पहली बार मैं अकेले रहूंगी। न मैं अपने माता-पिता के घर रहूंगी और न ही पति के घर। मेरा अपना घर होगा और मैं आगे की जिंदगी अकेले ही बिताऊंगी। फिलहाल शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, सुनीता आहूजा, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर, माधुरी जैन ग्रोवर, रियाज अली और वरुण यादव उर्फ लैला जैसे कई लोकप्रिय चेहरे नजर आ रहे हैं। लॉकअप का पहला सीजन साल 2022 में आया था, जिसे कंगना रनौत ने होस्ट किया था। पूरे सीजन में करण कुंद्रा जेलर की भूमिका में नजर आए थे। इस सीजन के विजेता मुनव्वर फारूकी बने थे।लॉकअप के दूसरे सीजन में 6 हफ्तों तक 14 कैदी, दो जेलर और एक लॉक-अप होगा। शो के नियमों के मुताबिक, कैदियों को खाना, जरूरी सामान और दूसरी बुनियादी सुविधाएं पाने के लिए टास्क पूरे कर इन-गेम करेंसी कमानी होगी। पिछले हफ्ते जजमेंट डे के दौरान आकांक्षा ने खुलासा किया कि वह बायसेक्शुअल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गौरव से शादी से पहले उनके महिलाओं के साथ रिश्ते रह चुके हैं।इस बारे में पूछे जाने पर आकांक्षा चमोला ने कहा, मैं शादी से पहले उभयलिंगी थी। मेरे रिश्ते कुछ लड़कियों के साथ हैं। बहुत ज्यादा अंतरंग संबंध नहीं रह रहे हैं लेकिन मैं कुछ महिलाओं के साथ संबंधों में रही हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें महिलाओं के साथ ज्यादा सहज महसूस होता है और उनकी संगति में वह खुद को बेहतर महसूस करती हैं।

# धमाल 4 ने चौथे दिन कर डाली बंपर कमाई, वर्ल्डवाइड पार किया 100 करोड़ का आंकड़ा, अल्फा दूसरे हफ्ते में मुंह के बल गिरी



अजय देवगन की कॉमेडी ड्रामा फिल्म धमाल 4 कारोबारी दिनों में दस्तक दे चुकी है। जैसा कि उम्मीद की जा रही थी, इसने चौथे दिन भी शानदार कारोबार किया है और 70 करोड़ रुपये से ज्यादा रकम अपनी झोली में बटोर ली है। फिल्म का खुमारा लोगों पर किस कदर चढ़ा है, यह इसके कलेक्शन से साफ पता चलता है। इस तूफानी कमाई से धमाल 4 ने पिछली कई फिल्मों को धूल चटा दी है। आइए देखें इसका ताजा कलेक्शन।

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन (सोमवार को) 8.75 करोड़ रुपये कमाए हैं।

आमतौर पर फिल्में कारोबारी दिनों में आकर पस्त हो जाती हैं, लेकिन धमाल 4 ने दिखा दिया कि वह अभी घुटने टेकने वाली नहीं है।

इसका कुल नेट कलेक्शन अब 73.75 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि वर्ल्डवाइड इसने 102.83 करोड़ रुपये कमाए हैं।


जल्द ही यह शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म ओ रोमियो (83.35 करोड़ रुपये) को मात देने वाली है।

आलिया भट्ट, शरवरी वाघ और बॉबी देओल जैसे कलाकारों वाली एक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा दूसरे हफ्ते में आकर बॉक्स ऑफिस से गायब होने लगी है।

इसने रिलीज के 11वें दिन, यानी सोमवार को कुल 75 लाख रुपये कमाए हैं, जिसके बाद इसका कुल नेट कलेक्शन 54.35 करोड़ रुपये हुआ है।

दूसरी ओर, अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल ने 18वें दिन महज 55 लाख रुपये कमाए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुल 130.10 करोड़ रुपये कमा सकी है।

# अखिल अक्किनेनी की मास एक्शन ड्रामा फिल्म लेनिन का तहलका, 4 दिनों में दुनिया भर में 67.2 करोड़ की कमाई की



मुरली किशोर अब्बूर के डायरेक्शन में बनी अखिल अक्किनेनी की मास एक्शन ड्रामा फिल्म लेलिन ने 4 दिनों में दुनिया भर में 67.2 करोड़ रुपये की कमाई की है। मेकर्स ने कन्फर्म किया है कि फिल्म तीसरे दिन ही मुनाफे वाले जोन में आ गई थी। जबरदस्त एक्शन, थमन का बैकग्राउंड म्यूजिक और भाग्यश्री बोर्से के रोल की वजह से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों तक पहुँचे।


फिल्म ने पहले दिन दुनिया भर में 16.7 करोड़ रुपये की ओपनिंग की, जो अखिल के करियर की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। वीकेंड की रफ्तार की वजह से 3 दिनों में कुल कमाई 61.1 करोड़ रुपये तक पहुँच गई। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों की पॉजिटिव प्रतिक्रिया और ग्रामीण इलाकों में फिल्म की लोकप्रियता के कारण डिस्ट्रीब्यूटर्स ने अपना इन्वेस्टमेंट जल्दी ही वसूल कर लिया। सोमवार को दुनिया भर में 6.1 करोड़ रुपये की कमाई के साथ कलेक्शन में बड़ी गिरावट देखी गई। फिर भी, बीएमएस पर 74 हजार से ज्यादा टिकट बिके, जो दर्शकों की लगातार दिलचस्पी को दिखाता है। मेकर्स ने ट्वीट किया कि लेलिन ब्लॉकबस्टर कहानी को नए सिरे से लिख रही है और हफ्ते के दिनों में गिरावट के बावजूद एक और बड़े हफ्ते की ओर बढ़ रही है।

4 दिनों में 67.2 करोड़ रुपये की कमाई के साथ, लेलिन की नजर अब 100 करोड़ रुपये के आंकड़े पर है। अगर वीकेंड जैसा ट्रेंड फिर से देखने को मिला, तो अखिल की सबसे बड़ी हिट फिल्म बनने की संभावना है। आने वाले दिनों में सिनेमाघरों में फिल्म की सफलता के लिए दर्शकों का रिस्पॉन्स, अखिल की अब तक की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस और थमन का म्यूजिक अहम भूमिका निभाएंगे।

# लाल जोड़े में मोनालिसा ने ढाया कहर, बोल्ड ब्राइडल फोटोशूट ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान

भोजपुरी क्वीन और टेलीविजन स्टार मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक बेहद हॉट और दिलकश ब्राइडल फोटोशूट शेयर किया है। सुर्ख लाल रंग के पारंपरिक लहंगे और डीप-नेक ब्लाउज में वह किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। हेवी कुंदन ज्वेलरी, नथ और मांगटीके के साथ उनके कातिलाना फेशियल एक्सप्रेशन्स ने फैंस को दीवाना बना दिया है। इंटरनेट पर उनका यह बोल्ड ब्राइडल लुक तेजी से ट्रेंड कर रहा है।

भोजपुरी से लेकर टीवी इंडस्ट्री तक अपनी पहचान बना चुकी



मोनालिसा अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट पर तहलका मचाती रहती हैं। मोनालिसा ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। हाल ही में उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पारंपरिक दुल्हन के अवतार में अपनी कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।

तस्वीरों में मोनालिसा का ग्लैमर और देसी अंदाज इस कदर निखर कर आ रहा है कि देखने वाले अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। मोनालिसा ने इस फोटोशूट के लिए एक शाही लाल रंग का ब्राइडल लहंगा चुना है। मोनालिसा ने लहंगे के साथ मैचिंग डीप-नेकलाइन सिल्क ब्लाउज कैरी किया है, जिसपर गोल्डन जरी और फ्लोरल कढ़ाई का बारीक काम किया गया है। इसके साथ उन्होंने सिर पर लाल रंग का नेट दुपट्टा कैरी किया है, जिस पर सुनहरी बूटी और हैवी गोटा-पट्टी बॉर्डर है।

तस्वीरों में मोनालिसा की अदाएं और उनके सेक्सी पोज फैंस के दिलों पर छुरियां चला रहे हैं। कुछ तस्वीरों में वह शमार्ती हुई नीचे की ओर देख रही हैं, तो कुछ में वह कैमरे की तरफ देखकर अपनी कातिल मुस्कान बिखेर रही हैं।

अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए मोनालिसा ने परफेक्ट ग्लैम ब्राइडल मेकअप चुना है। स्मोकी आिज, विंग्ड आईलाइनर और मस्कारा के साथ उनकी आंखें बेहद नशीली लग रही हैं। डार्क रेड लिपस्टिक उनके पूरे चेहरे को ग्लोइंग बना रही है।

ज्वेलरी की बात करें तो उन्होंने ट्रेडिशनल ब्राइडल लुक को पूरा करने के लिए हैवी कुंदन और गोल्ड ज्वेलरी कैरी की है। उनके माथे पर सजी खूबसूरत शीशपट्टी और मांगटीका, कानों में बड़े झुमके, गले में मैचिंग हेवी चोकर नेकलेस और लेयर्ड रानी हार उनके रॉयल लुक को निखर रहे हैं।

# संगीत से बढ़ सकती है आपकी उत्पादकता, जानिए यह कैसे है मददगार

संगीत हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जो केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं है। यह न केवल हमें आनंदित करता है, बल्कि हमारी उत्पादकता को भी बढ़ा सकता है। सही प्रकार का संगीत सुनने से हमारा मन शांत होता है और हम बेहतर तरीके से काम कर पाते हैं। आज हम जानेंगे कि कैसे संगीत हमारी उत्पादकता को बढ़ा सकता है और किन तरीकों से इसे अपने जीवन में शामिल



किया जा सकता है।

**काम करते समय सही धुन चुनें**

काम करते समय सही धुन चुनना बहुत जरूरी है। धीमी और शांत धुन, जैसे शास्त्रीय या हल्के संगीत आपके दिमाग को शांत करते हैं और आपको अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं।

तेज और ऊर्जा से भरपूर धुन आपके ऊर्जा स्तर को बढ़ा सकती है, जिससे आप अधिक उत्साहित महसूस करते हैं। इस प्रकार की धुन आपके काम की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने में मदद कर सकती है।

**ध्यान लगाएं**

ध्यान लगाने के लिए भी संगीत का उपयोग किया जा सकता है। कुछ विशेष प्रकार की धुनें, जैसे ध्यान संगीत या तरंग थेरेपी आपके मन को शांत करती हैं और ध्यान लगाने में मदद करती हैं।

इससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है और आप अधिक फोकस होकर काम कर पाते हैं।

इस प्रकार की धुन सुनने से आपके दिमाग की क्षमता बढ़ती है और आप अपने कार्यों में अधिक समर्पण और ध्यान लगा पाते हैं।

**तनाव कम करें**

संगीत सुनने से तनाव कम करने में भी मदद मिलती है। जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में हों तो कुछ मिनट के लिए आरामदायक धुन सुनना आपके मनोबल को बढ़ा सकता है और आपको शांत महसूस करवा सकता है।

इससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होती है और आप अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से कर पाते हैं। यह तरीका न केवल आपको मानसिक शांति देता है, बल्कि आपके काम की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है।

रचनात्मकता बढ़ाएं

रचनात्मक कार्यों के लिए भी संगीत बहुत अहम होता है।

अगर आप कोई रचनात्मक कार्य कर रहे हों, जैसे कि लेखन, चित्रकारी या संगीत रचना आदि तो बैकग्राउंड में संगीत सुनने से आपकी रचनात्मकता बढ़ती है और नए विचार आते रहते हैं।

इससे आपका काम ज्यादा आसानी से हो जाता है। सही प्रकार की धुन आपके मनोबल को बढ़ाती है और आपको प्रेरित करती है, जिससे आप अपने कार्य में पूरी तरह से डूब जाते हैं।

# दिनभर कॉफी पीने की आदत आपकी रात की नींद को कर सकती है प्रभावित, जानिए कैसे

सुबह के समय कई लोग एक कप कॉफी पी कर दिन शुरू करते हैं। यह न केवल आपको ऊर्जा देती है, बल्कि दिनभर ताजगी भी महसूस कराती है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि आपकी कॉफी पीने की आदत रात की नींद पर असर डाल सकती है? जी हां, अगर आप बहुत जल्दी या ज्यादा कॉफी पीते हैं तो इससे आपकी नींद प्रभावित हो सकती है। आइए जानते हैं कि कॉफी का सेवन कैसे आपकी नींद को प्रभावित करता है।

**कैफीन का समय**

कैफीन का समय बहुत अहम होता है। अगर आप शाम या सुबह को कैफीन का सेवन करते हैं तो यह आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है।

कैफीन शरीर में काफी देर तक रहती है और इसे पूरी तरह से निकलने में समय लगता है। इसलिए, बेहतर होगा कि आप शाम 4 बजे के बाद कैफीन युक्त चीजों का सेवन न करें।

इससे आपकी नींद पर कोई असर नहीं पड़ेगा और आप आराम से सो सकेंगे।

**मात्रा पर ध्यान दें**

कॉफी की मात्रा भी बहुत जरूरी होती है। ज्यादा कॉफी पीने से न केवल आपकी नींद खराब हो सकती है, बल्कि इससे सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

दिनभर में 2-3 कप कॉफी पीना ही पर्याप्त होता है। इससे आपको ऊर्जा मिलेगी और नींद पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा।

ज्यादा कॉफी पीने से सिरदर्द, बेचैनी और नींद न आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए इसकी मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है।



**खाली पेट कॉफी न पिएं**

खाली पेट कॉफी पीना भी गलत है, क्योंकि इससे पेट पर दबाव पड़ता है और पाचन तंत्र प्रभावित होता है। इसके अलावा खाली पेट कॉफी पीने से एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिससे नींद में खलल पड़ सकता है।

बेहतर होगा कि आप सुबह उठते ही सबसे पहले थोड़ा पानी पिएं, फिर नाश्ता करें और उसके बाद ही कॉफी का सेवन करें।

इससे आपका पाचन तंत्र सही रहेगा और आपको अच्छी नींद मिलेगी।

**सोने से पहले कॉफी न पिएं**

सोने से पहले कॉफी पीना भी गलत आदत है, क्योंकि इससे आपकी नींद खराब हो सकती है। कैफीन शरीर में काफी देर तक रहती है और इसे पूरी तरह से निकलने में समय लगता है।

इसलिए, सोने से पहले कॉफी पीने से बचें, ताकि आपकी नींद पूरी हो सके। इस तरह आप इन सरल तरीकों का पालन करके अपनी सुबह की कॉफी आदत को सुधार सकते हैं और रात की अच्छी नींद पा सकते हैं।

# नेशनल अकाली दल ने समाजसेवियों एवं पदाधिकारियों को 'NAD राष्ट्रीय सेवा सम्मान 2026' से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा के नेतृत्व में आयोजित एक सम्मान समारोह में समाजसेवा एवं संगठन के प्रति उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों और पार्टी पदाधिकारियों को "ठअऊ राष्ट्रीय सेवा सम्मान 2026" से सम्मानित किया गया।
समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने सभी सम्मानित व्यक्तियों को पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दल के राष्ट्रीय सचिव विक्रांत मोहन, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन, दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष वरिंदर आर्य सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।
सम्मानित होने वालों में समाजसेवी दीपक



मित्तल, नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय सचिव जसबीर सिंह सरना, दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, राजकुमार मित्तल, सचिव बलविंदर सिंह सरना, नेशनल अकाली दल ट्रेड विंग के उपाध्यक्ष रमेश सचदेवा तथा सचिव सुनील पुरी प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि समाज और राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों का सम्मान करना नेशनल अकाली दल की परंपरा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समाजसेवियों को और अधिक उत्साह एवं प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी समाजहित एवं जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देते रहेंगे।

# दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनने पर राजीव तोमर का स्वागत, एडवोकेट प्रियंका अत्री ने दी शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा राजीव तोमर को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर एडवोकेट प्रियंका अत्री अपने साथियों के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय, 8 महादेव मार्ग पहुंचीं और नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजीव तोमर को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।
एडवोकेट प्रियंका अत्री ने कहा कि




राजीव तोमर के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल दिल्ली में संगठन को और अधिक मजबूत करेगा तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और सभी ने राजीव तोमर के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# हरिपुर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राधे राधे श्याम मिला दे,बोल हरि बोल हरि एवं










हरे राधा हरे राधा के भक्ति गीतों के साथ शहर में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गयी। जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं ने नंगे पैर अपने हाथों से रथ को खींचकर भगवान श्री जगन्नाथ जी के नारों का उद्घोष किया। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ लोगों के लिए आकर्षक का केन्द्र रहा। श्रद्धालुओं द्वारा रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

गुरुवार की सुबह करीब आठ बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का शुभारंभ पंडित अखिलेश शर्मा द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ का पूजन कराकर किया। रथ यात्रा पुराना बाजार स्थित शिव मंदिर से आरंभ होकर सरार्फा बाजार,मेरठ गेठ पुलिस चौकी,चंडी रोड होने हुए दो करीब दो बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर पहुंचकर विश्राम किया। रथ यात्रा में भगवान के रथ में श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बल्लभ देव एवं बहन सुभद्रा के साथ रथ की शोभा बढ़ा रहे थे। जिसे महिला,पुरूष एवं बच्चे नंगे पैर अपने हाथों से राधे राधे,हरि हरि के उद्घोष के साथ रथ को खींचते हुए चल रहे थे। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं को काफी देर देर तक इन्तजार तक करना पड़ा। यात्रा के दौरानश्रद्धालुगण पूरी यात्रा के दौरान भक्तिमय भजनों पर नृत्य करते नजर आये।

रथ यात्रा को देखने के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रथ यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर भक्तों को म्यूजिक सिस्टम लगाये गये थे। जिन पर भक्तिमय भजन चल रहे थे। भजनों एवं संकीर्तनों से नगर का वातावरण भक्ति मय हो गया।
रथ यात्रा सफल बनाने में हरिओम अग्रवाल,राजेश,राकेश वर्मा,अमित गिप्पी,दयानंद प्रजापति, संजय घी वाले,संजय,अजय सुशील, कृष्ण, ब्रजेश, कन्हैया लाल, जगदीश, सौरभ, अमित, प्रदीप,प्रवीणर,विनय,सौरभ सर्राफ आदि का विशेष सहयोग रहा।

**दुकानदारों ने श्रद्धालुओं की जल सेवा**

भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रास्ते में स्थित आने वाले वाली सभी दुकानों स्वामियों ने भीषण गर्मी में लोगों की जल सेवा की। तो कुछ दुकानदारों ने श्रद्धालुओं को कोल्ड ड्रिंक पिलाई। तो कई ने शबरत पिलाकर उनकी जल सेवा की।

**दुकानदारों ने किया फलों का वितरण**

भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को दुकानदारों ने केले,आम,के साथ बिस्कुट के पैकेट,मिशरी के पैकिट आदि का भी वितरण किया।

**श्रद्धालुओं पर की पुष्प,इत्र एवं जल वर्षा**

रविवार को निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुगण झूमते हुए चल रहे थे। जिनके ऊपर दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प,इत्र वर्षा करने के साथ जल वर्षा भी की। जिससे रथ यात्रा मार्ग पर फूलों की सुगंध महक रही थी।

**वर्ष 2001 से निकाली जा रही है,रथ यात्रा**

श्रद्धालुओं ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शहर में वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष निकाली जा रही है। जिसमें हजारों की संख्या श्रद्धालुगणों के साथ साथ अंग्रेज रसिकजन भी शामिल होकर रथ यात्रा में संकीर्तनों का आनंद लेते है।

**श्रद्धालुओ ने उत्सव का आनंद लिया**

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव में दिल्ली से पधारे केशव चौधरी,सौरभ शर्मा,बबलू भैया हिसार से पधारे दिव्यदास व हापुड़ की समस्त मंडली भगवान श्री जगन्नाथ जी के ठाकुर जी के भजनों पर भक्तगण नृत्य करने पर मजबूर हो गये।

**एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया**

भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह द्वारा शोभा यात्रा मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा कोतवाल मुनीश चौहान भी यात्रा मार्ग पर अपील करते नजर आये,कि श्रद्धालु अपने सामान की रक्षा करें।

# पीएम मोदी के दौरे से बदलेगा ट्रैफिक रूट, एनएच-44 पर साढ़े तीन घंटे तक नहीं चलेगा सामान्य आवागमन

**जालंधर (आरएनएस)।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 जुलाई को पंजाब के औद्योगिक नगर में होने वाले प्रस्तावित आगमन को लेकर शासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो और इस दौरान आम जनता को भी कम से कम दिक्कतों का सामना करना पड़े, इसके लिए अभेद्य सुरक्षा चक्र तैयार किया गया है।
विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रवीण कुमार सिन्हा ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 3:40 बजे विशेष विमान से पहुंचेंगे और करीब डेढ़ घंटे तक शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण वीवीआईपी दौरे को देखते हुए सुरक्षा और यातायात



(ट्रैफिक) प्रबंधन की रणनीतियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।
चूंकि प्रधानमंत्री का मुख्य कार्यक्रम स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच - 44) के बेहद करीब स्थित है, इसलिए सुरक्षा कारणों से यातायात में अस्थायी रूप से बड़ा बदलाव किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए एक आधिकारिक एडवाइजरी जारी की है। विशेष पुलिस महानिदेशक ने जनता से विशेष अपील की है कि वे 17 जुलाई, बुधवार को दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 5:30 बजे के बीच लुधियाना, जालंधर, अमृतसर और पठानकोट को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच -44) पर यात्रा करने से बचें। अत्यंत आवश्यक होने पर ही घरों से निकलें और प्रशासन द्वारा तय किए गए डायवर्टेड (वैकल्पिक) अंदरूनी रास्तों का ही उपयोग करें, ताकि वे किसी भी प्रकार के ट्रैफिक जाम या असुविधा से बच सकें।

# वर्षों से नहीं सुधरी संभल-गवां मार्ग की हालत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार



दोपहर संभल के बहजोई में करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का तोहफा देंगे, वहीं जिले की जनता तमाम दुश्वारियां झेल रही है, लोगों को उम्मीद है कि उन समस्याओं का भी समाधान होगा। स्टेट हाइवे 148 पर संभल से गवां मार्ग पर खिरनी से गवां तक करीब 15 किलोमीटर दूसरी पर तमाम दुश्वारियां झेल रहे हैं। सड़क पर गहरे गड्ढ़े नहीं बल्कि कई -कई मीटर सड़क टूटी हुई है और उनमें वाहनों के फंसने ने न केवल हादसे हो रहे हैं बल्कि वाहन भी पलट रहे हैं। 10-15 मिनट का सफर तय करने में लोगों को एक घंटा लग रहा है और फिर भी हर कदम पर खतरा बना हुआ है। खास बात यह है कि गंगा एक्सप्रेस वे तक पहुंचने के लिए यह मुख्य मार्ग है और बुलंदशहर, अलीगढ़ समेत कई जिलों के लोग गंगा एक्सप्रेस वे पर यही होकर सफर करने के लिए एंट्री करते हैं। बारिश हो जाने पर गड्ढ़ों में पानी भर जाने पर हादसों का खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। जब गहरे गड्ढ़े बन जाते हैं, तो लोक निर्माण विभाग उन्हें भरवाकर खानापूर्ति कर देता है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से गहरे गड्ढ़े बन जा रहे हैं। लोगों की मांग है कि इस मार्ग पर हजारों लोग सफर कर रहे हैं, इसे जल्द चौड़ीकरण कराकर लोगों को गड्ढ़ों से राहत देने का काम मुख्यमंत्री करें।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267